www.bharatsamvad.in
R.N.I.No- UPHIN/2009/30939

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

प्रयागराज, लखनऊ तथा मुम्बई से एक साथ प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 39.c
30.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 101.700g
चांदी 106.000kg

ऐप में पढ़े
E-PAPER
भारत संवाद
Scan for E-Paper or Search on Play store Bharat Samvad E-Paper

2 नेता विपक्ष को फिर फटकार, राहुल को सुप्रीम कोर्ट की खरी-खरी

ट्रम्प बोले- 24 घंटे में भारत पर ज्यादा टैरिफ लगाऊंगा 06

वर्ष :17 अंक :126 प्रयागराज , बुधवार , 06 अगस्त 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 1: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### बीजापुर में नक्सलियों का लगाया हुआ प्रेशर बम फटने से एक व्यक्ति घायल

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को नक्सलियों द्वारा लगाया गया प्रेशर बम फटने से 24 वर्षीय एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।जिले में पिछले 48 घंटों में यह इस तरह की दूसरी घटना है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना आज सुबह करीब आठ बजे हुई जब प्रमोद काकेम नामक व्यक्ति उसूर थाना क्षेत्र के गुंजेपरती गांव के पास एक जलाशय में नहाने गया था। उन्होंने बताया कि इल्मिडी थाना क्षेत्र का निवासी काकेम गुंजेपरती में अपने रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि वह अनजाने में प्रेशर बम के संपर्क में आ गया, जिससे बम में विस्फोट हो गया। अधिकारियों ने कहा कि उसकी हथेलियों में चोट आई हैं। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति का प्रारंभिक उपचार किया गया और बेहतर चिकित्सा के लिए उसे उसूर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को उसूर थाना क्षेत्र में ही पुजारी कांकेर गांव से सटे जंगल में मवेशी चराने गया 50 वर्षीय व्यक्ति इसी तरह की घटना में घायल हो गया था। माओवादी अक्सर जंगलों में नक्सल रोधी अभियानों के दौरान सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए कच्चे रास्तों पर बारूदी सुरंग लगाते हैं।

### दिल्ली पुलिस ने पांच बांग्लादेशी नागरिकों को किया गिरफ्तार, लाल किला परिसर में घुसने की कर रहे थे कोशिश

दिल्ली पुलिस ने लाल किला परिसर में घुसने की कोशिश कर रहे पाँच अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया है। वे दिल्ली में मजदूरी करते हैं।पुलिस ने उनके पास से कुछ बांग्लादेशी दस्तावेज बरामद किए हैं। कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। फिलहाल, पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। डीसीपी नॉर्थ राजा बंथिया ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर दिल्ली पुलिस बेहद सतर्क है। हमने बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है। लोगों को केवल उन्हें दिए गए प्राधिकरण स्तर के अनुसार ही कुछ क्षेत्रों में प्रवेश करने की अनुमति है। एक जांच के दौरान, निषाद राज मार्ग पर हमारे कर्मचारियों ने पाँच व्यक्तियों को रोका, जो वैध प्रवेश पास या पहचान पत्र दिखाने में विफल रहे। आगे की जाँच में पता चला कि ये पाँचों लोग बांग्लादेशी थे। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस से पहले लाल किले पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।राजा बंथिया ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर दिल्ली पुलिस बेहद सतर्क है। हमने बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के लिए विस्तृत तैयारियाँ की हैं। हम इलाके में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी कर रहे हैं।

# उत्तराखंड के धराली में बादल फटने से भरी तबाही, चार लोगों की मौत, कई लापता

## कई लोगों मलबे में दबे, सेना जुटी ,सीएम धामी ने कहा बचाव कार्य जारी

**बादल फटने से आयी बाढ़**

अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि मंगलवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी के धराली के ऊंचाई वाले गांवों में बड़े पैमाने पर बादल फटने से आई अचानक बाढ़ में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई।



एजेंसी

उत्तरकाशी। उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के धराली में बादल फटने से आयी बाढ़ के कारण भारी जानमाल के नुकसान हुआ है जिसे देखते हुए सेना के साथ ही राहत और बचाव दलों को लोगों की मदद के लिए लगाया गया है। उत्तरकाशी के जिलाधिकरी प्रशांत आर्य ने इस आपदा में चार लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। जिला प्रशासन ने सूचना हासिल करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 01374222126, 222722 और 9456556431 जारी किये हैं। आपदा में कई लोगों के दबे होने और मारे जाने की आशंका है। धराली बाजार में कई होटल, दुकानें और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान में मिट्टी में दबे हैं। धराली गांव के कई घर भी इस आपदा से तबाह हो गये हैं। राज्य सरकार ने केंद्र से दो 2 एमआई तथा एक चिनूक हेलीकॉप्टर की मांग की है ताकि राहत और बचाव कार्यों में आसानी हो। वायुसेना से भी राहत और बचाव करने में सहायाता की मांग की गयी है। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार जिले की भटवाड़ी तहसील में हर्षिल के नजदीक खीर गाड में दिन में 1.50 बजे के आसपास जलस्तर बढने से घराली बाजार में भारी मलबा आ गया। कुछ ही मिनट में मलबा कई भवनों, होटलों एवं दुकानों को क्षतिग्रस्त कर गया। घटना के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश तथा देहरादून के कई चिकित्सालयों में बेड आरक्षित कर दिये गये हैं और एम्बुलेंस घटना स्थल पर भेज दी गयी हैं। इस बीच आंध्र प्रदेश के दौरे पर गये मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी दौरा बीच में ही छोड़कर देहरादून लौट आये हैं।

### अमित शाह मुख्यमंत्री से बात की, सात बचाव टीम रवाना



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात कर धराली में अचानक आई बाढ़ के बारे में जानकारी ली और प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सात बचाव टीम भेजने का आदेश दिया। सीएम धामी ने कहा कि मुझे उत्तरकाशी आपदा के बारे में पता चला है. हम लोगों को बचाने के लिए काम कर रहे हैं. ज़िला प्रशासन, भारतीय सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के अधिकारी लोगों को बचाने और उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं.

### आंध्र प्रदेश की यात्रा बीच में छोड़कर लौटे धामी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तरकाशी के धराली में बादल फटने से मची तबाही के मद्देनजर आंध्र प्रदेश की अपनी यात्रा बीच में ही छोड़कर देहरादून रवाना हो गये हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्त की संवेदना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह उत्तरकाशी के धराली में अचानक आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की कुशलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने प्रभावित लोगों को पूरी मदद का आश्वासन दिया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, मैं उत्तरकाशी के धराली में हुई इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही, मैं सभी प्रभावित लोगों की कुशलता की कामना करता हूं। मैंने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी से बात की है और स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की है।




# जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन, आरएमएल अस्पताल में ली अंतिम सांस

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर पीएम मोदी ने शोक जताया, राहुल गांधी समेत इन नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

> मलिक ने अगस्त 2018 से अक्टूबर 2019 तक पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर राज्य के 10वें और अंतिम राज्यपाल के रूप में कार्य किया और उनके कार्यकाल के दौरान ही 5 अगस्त 2019 को जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किया गया।

एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आज लगभग 1 बजे नई दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में उनका निधन हो गया, जहां उनका इलाज चल रहा था। मलिक ने अगस्त 2018 से अक्टूबर 2019 तक पूर्ववर्ती जम्मू और कश्मीर राज्य के 10वें और अंतिम राज्यपाल के रूप में कार्य किया और उनके कार्यकाल के दौरान ही 5 अगस्त 2019 को जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किया गया। बाद में, वे गोवा चले गए और 18वें राज्यपाल बने और अक्टूबर 2022 तक मेघालय के 21वें राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया। राजनेता के रूप में उनका पहला प्रमुख कार्यकाल 1974-77 के दौरान उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य के रूप में रहा। उन्होंने 1980 से 1986 और 1986-89 तक राज्यसभा में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। वे 1989 से 1991 तक जनता दल के सदस्य के रूप में अलीगढ़ से नौवीं लोकसभा के सदस्य रहे। वे अक्टूबर 2017 से अगस्त 2018 तक बिहार के राज्यपाल रहे। 21 मार्च 2018 को, उन्हें 28 मई 2018 तक ओडिशा के राज्यपाल के रूप में कार्य करने का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया।




### राहुल गांधी ने दी श्रद्धांजलि

सत्यपाल मलिक के पैतृक गांव से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है.. सभी नेता मलिक के निधन पर शोक व्यक्त कर रहे हैं. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पर लिखा- पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक जी के निधन की खबर सुनकर बेहद दुख हुआ। मैं उन्हें हमेशा एक ऐसे इंसान के रूप में याद करूंगा, जो आखिरी वक्त तक बिना डरे सच बोलते रहे और जनता के हितों की बात करते रहे। मैं उनके परिवारजनों, समर्थकों और शुभचिंतकों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

# झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का हुआ अंतिम संस्कार

## हेमंत सोरेन ने दी मुखाग्नि, राहुल गांधी और खड़गे भी शामिल हुए



एजेंसी

रांची ,झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का आज यानी मंगलवार को उनके पैतृक गांव नेमरा (रामगढ़) में अंतिम संस्कार किया गया। सीएम हेमंत सोरेन ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए।रांची से रामगढ़ जाने के दौरान कई जगह लोगों ने श्रद्धांजलि दी। सड़क किनारे समर्थक खड़े थे और शिबू सोरेन अमर रहे के नारे लगा रहे थे। इससे पहले मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में लोगों ने मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर गुरुजी के अंतिम दर्शन किए और श्रद्धांजलि दी।शिबू सोरेन के करीबियों में गिने जाने वाले पूर्व सीएम चंपाई सोरेन भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इसके साथ ही पूर्णिया सांसद पप्पू यादव, आप सांसद संजय सिंह अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए रांची पहुंचे। फिर पार्थिव शरीर उनके आवास से विधानसभा पहुंचा। जहां राज्यपाल संतोष गंगवार, स्पीकर रवींद्र महतो समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।पूर्णिया सांसद ने पूर्व सीएम को आदिवासी अस्मिता और संघर्ष का प्रतीक बताते हुए पर लिखा- 'शिबू सोरेन जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।

### झारखंड में 3 दिन का राजकीय शोक

उनके निधन पर झारखंड सरकार ने सोमवार से 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया गया है। 3 दिन तक अब कोई भी सरकारी आयोजन नहीं होगा। सोमवार और मंगलवार को सभी सरकारी कार्यालय में छुट्टी घोषित कर दी गई है। विधानसभा का मानसून सत्र भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# 'मेरे से ट्यूशन ले लो, 40 साल से ज्यादा विपक्ष में...'

## राज्यसभा में खड़गे से ऐसा क्यों बोले जेपी नड्डा

एजेंसी



राज्यसभा के नेता जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच मंगलवार को सदन के अंदर सीआईएसएफ कर्मियों की कथित तैनाती को लेकर तीखी बहस हुई। विपक्षी दलों की ओर से मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सदन के वेल के पास सीआईएसएफ कर्मियों को तैनात किया है। खड़गे ने कहा कि हम इस बात से हैरान और स्तब्ध हैं कि कैसे सीआईएसएफ कर्मियों को सदन के वेल में दौड़ाया गया, जब सदस्य विरोध के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर रहे थे। हमने कल और आज फिर ऐसा देखा। खड़गे ने सवाल किया कि क्या हमारी संसद इस स्तर तक गिर गई है ? यह बेहद आपत्तिजनक है

# पहलगाम आतंकी हमले की फिलीपींस के राष्ट्रपति ने की निंदा, पीएम मोदी ने जताया आभार

## भारत फिलीपींस ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया, चीन से साथ मिलकर निबटेंगे दोनों देश

> फिलीपींस के राष्ट्रपति आर. मार्कोस का 4 से 8 अगस्त तक भारत की पहली राजकीय यात्रा पर हैं. पीएम ने हैदराबाद हाउस में स्वागत किया.

एजेंसी



नई दिल्लीः फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर 4 से 8 अगस्त तक भारत की यात्रा पर हैं. भारत और फिलीपींस के बीच संबंधों की सराहना करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दोनों देश ₹अपनी पसंद से दोस्त और नियति से साझेदार₹ हैं. इससे पहले, फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया. मंगलवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर मार्कोस जूनियर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मेहमान नेता का गर्मजोशी से स्वागत किया. कहा कि दोनों देश 2025 में राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाएंगे. उन्होंने कहा, हिंद महासागर से लेकर प्रशांत महासागर तक, हम साझा मूल्यों से एकजुट हैं.

### मनीला जाना हुआ आसान

फिलीपींस के राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की थी. प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा करने के लिए फिलीपींस के राष्ट्रपति और उनकी सरकार का भी आभार व्यक्त किया. पीएम मोदी ने मनीला द्वारा भारतीय पर्यटकों को वीजा-मुक्त प्रवेश देने के फैसले का स्वागत किया. भारत ने भी फिलीपींस के पर्यटकों को मुफ्त ई-वीजा सुविधा देने का फैसला किया है. इस साल दिल्ली और मनीला के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना है.

# युद्ध का ऐलान करके हमला नहीं करेंगे...

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीडीएस चौहान ने दुश्मनों को बता दिया भारतीय सेना का नया नियम

> पाकिस्तान का सीधे नाम लिए बिना, सीडीएस ने जोर देकर कहा कि भौगोलिक सीमाएँ अब आतंकवादी तत्वों की रक्षा नहीं कर पाएँगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आतंकवादी अब कहीं भी नहीं छिप सकते, यहाँ तक कि पाकिस्तान की सीमा के अंदर भी नहीं।

एजेंसी




चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि आधुनिक युद्धकला तेजी से विकसित हो रही है, जहाँ राष्ट्र आधिकारिक तौर पर युद्ध की घोषणा किए बिना ही राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए बल प्रयोग करने के लिए प्रवृत्त हो रहे हैं। एक सुरक्षा मंच पर बोलते हुए, चौहान ने युद्ध और शांति के बीच धुंधली होती रेखाओं को रेखांकित किया और भारत के हालिया ऑपरेशन सिंदूर को इस बदलाव का एक निर्णायक उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि युद्ध और राजनीति का गहरा संबंध है। युद्ध अक्सर राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए लड़े जाते हैं। आज, हम ऑपरेशन सिंदूर जैसे बहुत ही छोटे, सटीक युद्ध देख रहे हैं, जहाँ राजनीतिक लक्ष्य तीव्र और लक्षित कार्रवाई के माध्यम से प्राप्त किए जाते हैं। पाकिस्तान का सीधे नाम लिए बिना, सीडीएस ने जोर देकर कहा कि भौगोलिक सीमाएँ अब आतंकवादी तत्वों की रक्षा नहीं कर पाएँगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आतंकवादी अब कहीं भी नहीं छिप सकते, यहाँ तक कि पाकिस्तान की सीमा के अंदर भी नहीं।

# कूचबिहार में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला

### टीएमसी ने बताया सुनियोजित नाटक

भाजपा नेताओं ने बताया कि दोपहर करीब 12:35 बजे खगराबाड़ी चौराहे पर तृणमूल कांग्रेस के झंडे और काले झंडे लिए भीड़ जमा हो गई, जब अधिकारी का काफिला वहाँ से गुजर रहा था।

एजेंसी



पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के काफिले पर कूचबिहार में टीएमसी कार्यकताओं ने कथित तौर पर उस समय हमला किया जब वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय जा रहे थे। इसको लेकर एक वीडियो भी साझा किया गया है। हालांकि, टीएमसी ने इन आरोपों को सुनियोजित नाटक बताया है। अधिकारी कूचबिहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर भाजपा के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने के लिए उत्तर बंगाल जा रहे थे। भाजपा कार्यकताओं ने जिले में पार्टी विधायकों पर हाल में हुए ।

**भड़के** कहा- विपक्ष ने सदन की गरिमा को कम करने का किया प्रयास

# राज्यसभा में हंगामे पर भड़के किरेन रिजिजू

एजेंसी



> संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, रिजिजू ने बताया कि सदन में हंगामा तब शुरू हुआ जब उन्होंने चर्चा के दौरान राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा उपसभापति को लिखे पत्र पर आपत्ति जताई।

नयी दिल्ली। राज्यसभा में सीआईएसएफ जवानों की तैनाती को लेकर उच्च सदन में हंगामे के बीच, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने संसद के अंदर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के बारे में गलत जानकारी फैलाकर सदन की मयार्दा को कम करने और देश को गुमराह करने की कोशिश की है। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, रिजिजू ने बताया कि सदन में हंगामा तब शुरू हुआ जब उन्होंने चर्चा के दौरान राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा उपसभापति को लिखे पत्र पर आपत्ति जताई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष ने आरोप लगाया है कि सरकार ने सेना, पुलिस और सीआईएसएफ के जवानों को तैनात किया है। हालाँकि, सभापति ने स्पष्ट किया कि कोई बाहरी सैन्य या पुलिस बल तैनात नहीं किया गया था; केवल सदन के मार्शल ही मौजूद थे। नियमों के अनुसार, संसद के अंदर केवल मार्शलों को ही जाने की अनुमति है। मार्शलों के अलावा, केवल सदस्यों और कर्मचारियों को ही प्रवेश की अनुमति है। विपक्ष ने मीडिया के माध्यम से झूठ फैलाया। उन्होंने सदन की मयार्दा को कम करने और देश को गुमराह करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, आज से सत्र का तीसरा हफ़्ता शुरू हो रहा है। इन दिनों में हम एक भी विधेयक पारित नहीं कर पाए हैं। हमने राज्यसभा में शिपिंग विधेयक पारित किया और लोकसभा में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन संबंधी वैधानिक प्रस्ताव पारित किया, जिसे हम आज राज्यसभा में पारित करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने देने की अपील की। रिजिजू ने कहा, हम और भी विधेयक पेश करेंगे, लेकिन उससे पहले मैं मुख्य विपक्षी दलों से अपील करता हूँ कि वे विधेयकों और अन्य संसदीय कार्यों में बाधा न डालें। देश की जनता ने हमें संसद में इसलिए भेजा है ताकि हम उनके लिए काम कर सकें। इससे पहले, मंगलवार को राज्यसभा के नेता जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच सदन के अंदर सीआईएसएफ कर्मियों की कथित तैनाती को लेकर तीखी बहस हुई। विपक्षी दलों की ओर से मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सदन के वेल के पास सीआईएसएफ कर्मियों को तैनात किया है।

# नई आंध्र बार नीति में स्वास्थ्य को प्राथमिकता, चंद्रबाबू नायूड बोले- 10% लाइसेंस पिछड़ा वर्ग के लिए



> नीति की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इनमें से 10 प्रतिशत लाइसेंस पिछड़े वर्ग (बीसी) के सदस्यों के लिए आरक्षित किए गए हैं, जो शराब की खुदरा दुकानों में मौजूदा आरक्षण के समान है। राज्य में वर्तमान में 840 बार हैं, और अधिकारियों का अनुमान है कि नई नीति से लाइसेंस और आवेदन शुल्क से 700 करोड़ रुपये प्राप्त हो सकते हैं।

एजेंसी

नयी दिल्ली। आंध्र प्रदेश सरकार 1 सितंबर से एक नई बार नीति लागू करेगी। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने जोर देकर कहा कि राजस्व सृजन से ज्यादा प्राथमिकता जन स्वास्थ्य और सुरक्षा को दी जानी चाहिए। सचिवालय में मंत्रियों कोल्लू रवींद्र, कोंडापल्ली श्रीनिवास और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित एक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आबकारी नीति को केवल आय का स्रोत नहीं माना जाना चाहिए।

उन्होंने कम अल्कोहल वाले पेय पदार्थों की बिक्री को बढ़ावा देकर, खासकर गरीबों पर शराब के हानिकारक प्रभाव को कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कैबिनेट उप-समिति की सिफारिशों के आधार पर तैयार की गई नई नीति में बार लाइसेंस आवंटित करने के लिए लॉटरी प्रणाली शुरू की जाएगी।

नीति की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इनमें से 10 प्रतिशत लाइसेंस पिछड़े वर्ग (बीसी) के सदस्यों के लिए आरक्षित किए गए हैं, जो शराब की खुदरा दुकानों में मौजूदा आरक्षण के समान है। राज्य में वर्तमान में 840 बार हैं, और अधिकारियों का अनुमान है कि नई नीति से लाइसेंस और आवेदन शुल्क से 700 करोड़ रुपये प्राप्त हो सकते हैं।

## सम्पादकीय

### षड्यंत्र था भगवा आतंक का जुमला, जांच और अदालती फैसले ने खोल दी पूरी कड़ी

भारतीय न्यायिक इतिहास में मालेगांव बम धमाकों (2008) से जुड़ा फैसला मील का पत्थर माना जाएगा। इसने भगवा आतंक के मिथ्या आख्यान को ध्वस्त किया। इस्लामिक आतंक की विषबेल की धारणा को संतुलित करने के लिए ही भगवा या हिंदू आतंक का फजीवाड़ा किया गया। इसे स्थापित करने के लिए कई कड़ियां भी जोड़ी गईं, लेकिन जांच और अदालती फैसले ने उन्हें पूरी तरह से तोड़ दिया। हिंदू आतंक के फजीवाड़े की हवा समझौता एक्सप्रेस ब्लास्ट के साथ ही फैली थी। दिल्ली से लाहौर के बीच चलने वाली समझौता एक्सप्रेस 18 फरवरी, 2007 को पानीपत में बम धमाकों की शिकार बनी। इसमें 68 लोग मारे गए। कथित हिंदू आतंक के मामले में लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और स्वामी असीमानंद को फंसाने का कुचक्र रचा गया। आरोप लगाया गया कि धमाकों के लिए पुरोहित ने 60 किलो आरडीएक्स चुराया, पर यह तब निराधार निकला, जब पता चला कि बम बनाने के लिए पोटेशियम क्लोरेट, सल्फर आदि का इस्तेमाल किया गया था। तब अमेरिकी एजेंसियों की जांच में यह सामने आया था कि मुंबई ट्रेन धमाकों और समझौता एक्सप्रेस ब्लास्ट के पीछे पाकिस्तानी आतंकी आरिफ कसमानी का हाथ था, जबकि मक्का मस्जिद धमाका हरकत-उल-जिहाद-इस्लामी(हूजी) ने किया था। लश्कर आतंकी कसमानी ने मुंबई धमाकों के लिए दाऊद इब्राहिम से पैसे जुटाए थे। अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने 2009 में उसे आतंकी घोषित किया। मालेगांव में पहले धमाके 8 सितंबर, 2006 को हुए, जिनमें 30 से अधिक लोग मरे। महाराष्ट्र एटीएस ने सिमी और लश्कर के नौ लोगों को आरोपित बनाया। कुछ दलों और अल्पसंख्यक नेताओं के दबाव में यह मामला सीबीआइ को सौंपा, जो बाद में राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआइए के पास गया। एनआइए ने दावा किया कि मालेगांव धमाके, हैदराबाद, अजमेर शरीफ और समझौता एक्सप्रेस जैसे आतंकी हमले हिंदुओं ने किए, जो जिहादी आतंक से बदला लेना चाहते थे। एनआइए ने 22 मई, 2013 को आरोपपत्र में प्रज्ञा और स्वामी असीमानंद को मुख्य आरोपित बनाया। चूंकि उनके विरुद्ध पुख्ता साक्ष्य नहीं थे, इसलिए प्रज्ञा और पुरोहित का संदर्भ नहीं दिया और उन्हें 2008 मालेगांव धमाकों में आरोपित बनाया गया। में 29 सितंबर, 2008 को हुए कम तीव्रता वाले धमाके में इस्तेमाल हुई मोटरसाइकिल कथित रूप से साध्वी प्रज्ञा की बताई गई, जबकि वह बाइक सुनील जोशी को बेच दी गई थी, पर स्वामित्व हस्तांतरण प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही जोशी की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में प्रज्ञा और पांच अन्य को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया।

## आज का विचार







**मेष राशि:** दिन अच्छा रहने वाला है। कारोबार में आप छोटे-छोटे पार्ट टाइम कार्यों के लिए समय निकाल पाएंगे और आपके महत्वाकांक्षाओं की भी पूर्ति हो सकती है। लेकिन इसके लिए आपको कार्यक्षेत्र में प्रयास करते रहने होंगे।

**वृषभ राशि:** आपका दिन मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कामकाज की स्थिति सामान्य रहेगा। लेकिन आर्थिक मामलों में आपको विशेष ध्यान देना होगा। आपको अनावश्यक चीजों पर खर्च करने से बचना होगा

**मिथुन राशि :** आपका दिन कारोबार और नौकरी के मामले में तेजी से आगे बढ़ने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अचानक उन्नति मिलेगी, जिसे देखकर सभी लोग हैरान रह सकते हैं। अपनी उपलब्धियों से आपको कुछ समय के लिए हैरानी हो सकती है।

**कर्क राशि :** आपका दिन सामान्य से थोड़ा कम अच्छा रहेगा। ऐसे में कोई भी काम सोच-समझकर करना बेहतर होगा अन्यथा परेशानी हो सकती है। साथ ही, व्यापार और नौकरी से जुड़े निर्णय भी सोच-समझकर लेने बेहतर होंगे। परिवार में आपको अपने भाई-बहन की चिंता ज्यादा रह सकती है,

**सिंह राशि:** आपको कारोबार की चिंता परेशान कर सकती है। इसके पीछे की वजह यह भी हो सकती है कि आप कार्यक्षेत्र में कुछ बाधाओं और समस्याओं का सामना कर रहे हों। अस्थिरता बने रहने के कारण मानसिक तनाव भी बढ़ सकता है।

**कन्या राशि:** आपको व्यापार में किसी कामकाज के सिलसिले में ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है। लेकिन यह आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगी और सकारात्मक परिणाम देने वाली रहेगी।

**तुला राशि :** सामाजिक और व्यवसाय के क्षेत्र में आपको विरोधियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आपको सावधान रहने की जरूरत है और किसी भी प्रकार के वाद-विवाद से भी दूरी बनाए रखें। विपरीत स्थिति उत्पन्न होने पर शांत रहना बेहतर रहेगा। किसी बात को लेकर आप अकारण परेशान भी हो सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** व्यापार के मामले में आपको अचानक से कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। लेकिन आपको कार्यक्षेत्र में अपने ऊपर किसी भी प्रकार के तनाव को हावी होने से बचाना होगा। आपके किसी प्रोजेक्ट के सिलसिले में नई योजना बनाने से सफलता प्राप्त हो सकती है।

**धनु राशि :** कार्यक्षेत्र में नए संपर्क बनाने से आपको अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है। व्यापार में पहले के किए गए प्रयास भी आपको बड़ा फायदा दिला सकते हैं। अगर कहीं आपका पैसा फंसा हुआ था तो वह वापस मिल सकता है। लेकिन इसमें थोड़ी कठिनाई भी जरूर आएगी। व्यवसाय में उन्नति से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मकर राशि:** सामाजिक और धार्मिक कार्यों में हिस्सा लेने से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। साथ ही, आपको भाग्य का भी धीरे-धीरे साथ मिलने लगेगा। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में भी लाभ मिलने की संभावना बनी हुई है। आपको कारोबार से जुड़े कई शुभ समाचार भी सुनने को मिल सकते हैं।

**कुंभ राशि:** कार्यस्थल पर आपको उच्च अधिकारियों के सहयोग और समर्थन से लाभ प्राप्त करने के कई अवसर मिल सकते हैं। आप आयात-निर्यात के व्यवसाय की शुरूआत करने के मामले में भी कोई फैसला ले सकते हैं। कामकाज के सिलसिले में समय का सही उपयोग करना लाभकारी सिद्ध होगा।

मीन राशि : व्यापार के मामले में आपको उन्नति मिलेगी और सफलता के कई रास्ते खुलेंगे। अगर कार्यक्षेत्र में किसी प्रकार का विवाद या समस्या चल रही थी, तो अब वह भी दूर हो सकती है। लेकिन आपको किसी को भी धन उधार देने से बचना होगा, वरना उसके वापस मिलने की बहुत कम संभावना है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर गुप्त विरोधियों से सावधान रहना होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# नेता विपक्ष को फिर फटकार, राहुल को सुप्रीम कोर्ट की खरी-खरी

> **यह ठीक नहीं कि सुप्रीम कोर्ट नेता विपक्ष को उनके बेजा और यहां तक कि देश के हितों पर चोट करने वाले बयानों के लिए बार-बार फटकार लगाने की जरूरत समझे। इसके पहले जब राहुल गांधी ने राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद में कथित दलाली को तूल देकर गलतबयानी की थी तब उन्हें सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर माफी मांगनी पड़ी थी।**

पा यह तीसरी बार है जब राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से फटकार सुननी पड़ी। इस बार उन्हें यह कहने के लिए फटकारा गया कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने उनसे यह सही सवाल पूछा कि आखिर उन्हें यह कैसे पता चला कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है? सुप्रीम कोर्ट ने यह सवाल पूछते हुए यह भी कहा कि यदि आप सच्चे भारतीय हैं तो इस तरह की बात नहीं कहेंगे। राहुल गांधी ने भारतीय भूमि पर चीन के कब्जे की बात अपनी भारत जोड़ो यात्रा के समय की थी। वे ऐसा दावा हाल तक करते रहे हैं। वे मोदी सरकार को चीन से भयभीत बताने के लिए सेना के शौर्य के खिलाफ भी टिप्पणियां कर चुके हैं। इसके पहले उन्हें वीर सावरकर के खिलाफ तीखे बोल बोलने के लिए सुप्रीम कोर्ट की फटकार



सुननी पड़ी थी। तब सुप्रीम कोर्ट ने उनसे यह कहा था कि जिस आधार पर वे स्वतंत्रता सेनानी सावरकर को अंग्रेजों से माफी मांगने वाला कहते हैं, उसी आधार पर तो कोई महात्मा गांधी को भी कह सकता है कि वे अंग्रेजों के नौकर थे। यह ठीक नहीं कि सुप्रीम कोर्ट नेता विपक्ष को उनके बेजा और यहां तक कि देश के हितों पर चोट करने वाले बयानों के लिए बार-बार फटकार लगाने की जरूरत समझे। इसके पहले जब राहुल गांधी ने राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद में कथित दलाली को तूल देकर गलतबयानी की थी, तब उन्हें सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर माफी मांगनी पड़ी थी। माना जाता था कि इसके बाद वह संभलकर बोलना आवश्यक समझेंगे, लेकिन उन पर कोई असर नहीं पड़ा। इसके आसार कम ही हैं कि चीन को रास आने वाले अपने बयान पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद राहुल गांधी भविष्य में अपनी बात कहते समय कम से कम राष्ट्रीय हितों की चिंता करना पसंद करेंगे। इसके आसार इसलिए कम हैं, क्योंकि वे पहले भी पाकिस्तान और चीन को अच्छे लगने वाले बयान दे चुके हैं। यह भी ध्यान रहे कि डोकलाम विवाद के समय वे चीनी राजदूत से मिलने चले गए थे। यह आज तक स्पष्ट नहीं हो पाया कि कांग्रेस ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था? यह भी किसी से छिपा नहीं कि वे ब्रिटेन और अमेरिका में भारतीय लोकतंत्र का अनादर करने वाले बयान दे चुके हैं। इसी तरह चंद दिन पहले ही उन्होंने लोकसभा में चुनाव आयोग पर उलटे-सीधे आरोप लगाते हुए उसे धमकी भी दे दी थी। आखिर इससे दुर्भाग्यपूर्ण और क्या हो सकता है कि नेता विपक्ष एक संवैधानिक संस्था को संसद में खड़े होकर धमकाए? राहुल गांधी के रवैये और विशेष रूप से उनकी भाषा में किसी बदलाव की उम्मीद इसलिए कम है, क्योंकि उनके समर्थक सुप्रीम कोर्ट पर निशाना साध रहे हैं।

यह तीसरी बार है जब राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से फटकार सुननी पड़ी। इस बार उन्हें यह कहने के लिए फटकारा गया कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने उनसे यह सही सवाल पूछा कि आखिर उन्हें यह कैसे पता चला कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है? सुप्रीम कोर्ट ने यह सवाल पूछते हुए यह भी कहा कि यदि आप सच्चे भारतीय हैं तो इस तरह की बात नहीं कहेंगे। राहुल गांधी ने भारतीय भूमि पर चीन के कब्जे की बात अपनी भारत जोड़ो यात्रा के समय की थी। वे ऐसा दावा हाल तक करते रहे हैं। वे मोदी सरकार को चीन से भयभीत बताने के लिए सेना के शौर्य के खिलाफ भी टिप्पणियां कर चुके हैं।

## योग्य माता योग्य राष्ट्र की निर्मात्री,स्त्रियों की राष्ट्र निर्माण में भूमिका सर्वोपरी

संजीव ठाकुर

महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'।

।।भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को ₹माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्याः₹ अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को महिमा-मंडित करते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं, और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई, जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं



विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा, सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, विजयलक्ष्मी पंडित विश्व की प्रथम महिला जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बनी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी जैसे महिलाओं ने राजनीतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण और विकास में किया है जो अपने समय के महत्वपूर्ण सशक्त हस्ताक्षर थी। वर्तमान में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी, हरसिमरन, कौर वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रतिभा पाटिल, मृदुला सिन्हा आदि ने राजनीति मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने कार्यों से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया एवं देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दिया है। यह कहने में कतई गुरेज नहीं है कि महिलाएं राजनीति, सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, चिकित्सकीय, और विज्ञान में देश के हित के लिए अग्रणी रही हैं। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका को नमन करते हुए कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें साधुवाद प्रदान कर उनकी इस भूमिका को प्रणाम करता है।

## बिहार में चुनाव सुधार और मतदाता पुनरीक्षण : लोकतंत्र की मजबूती बनाम सियासत की चाल

अशोक कुमार झा

लोकतंत्र की असली ताकत मतदाता होता है। मतदाता का अधिकार केवल एक पर्ची या बटन दबाने तक सीमित नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नींव का प्रतीक है। लेकिन जब मतदाता सूची ही त्रुटिपूर्ण, अधूरी और संदिग्ध हो, तो लोकतंत्र की पूरी इमारत खोखली हो जाती है। बिहार–जो हिंदुस्तान की राजनीति का धड़कता दिल माना जाता है–आज इसी चुनौती से जूझ रहा है।चुनाव आयोग ने हाल में बिहार की मतदाता सूची के व्यापक पुनरीक्षण का प्रस्ताव रखा, जिसमें आधार से लिंकिंग, डिजिटल सत्यापन और फर्जी नामों की सफाई जैसी सख़्त प्रक्रियाएँ शामिल हैं। यह कदम लोकतंत्र को और मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक साबित हो सकता है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस सुधार का सबसे बड़ा विरोध वही दल कर रहे हैं जो खुद को लोकतंत्र का संरक्षक बताते हैं–राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस। संसद ठप करना, सड़कों पर जनता को भड़काना और अदालतों में याचिकाएँ दायर करना उनकी रणनीति का हिस्सा बन चुका है।

### वोटर लिस्ट की खामियाँ : लोकतंत्र के लिए खतरा

लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूलभूत आधार मतदाता सूची है। जब सूची ही अपूर्ण और त्रुटिपूर्ण हो, तो पूरा चुनाव संदिग्ध हो जाता है।

फर्जी नाम और मृतकों के नाम : बिहार की सूचियों में हजारों मृत व्यक्तियों के नाम अब भी मौजूद हैं, जिन पर वोट डाले जाते हैं।

दोहरी प्रविष्टि: एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो जगह दर्ज पाया गया है, जिससे फर्जी वोटिंग आसान हो जाती है।

प्रवासी मजदूरों की समस्या : हर चुनाव में लाखों मजदूर अपने कार्यस्थल से वापस नहीं आ पाते और मताधिकार से वंचित हो जाते हैं।

युवाओं का बहिष्कार : लाखों नए मतदाता 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बावजूद नाम दर्ज नहीं करा पाते।

विदेशी नागरिकों का घुसपैठिया वोट : सबसे गंभीर आरोप यह है कि बिहार की वर्तमान यानी पुरानी वोटर लिस्ट में हजारों बांग्लादेशी और अन्य विदेशी नागरिकों के नाम शामिल हैं, जिन्हें विभिन्न दलों की मिलीभगत से जोड़ा गया है।

यह स्थिति न केवल लोकतंत्र की साख को कमजोर करती है, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और सामाजिक संतुलन के लिए भी खतरा है।

### 2024 के चुनावों से मिले सबक

लोकसभा चुनाव 2024 और बिहार विधानसभा के हालिया उपचुनावों में बड़ी संख्या में फर्जी वोटिंग और बूथ कैप्चरिंग की शिकायतें दर्ज हुईं।

कई जगह मृत व्यक्तियों के नाम से वोट डाले गए।

कई सीटों पर दोहरी प्रविष्टियों ने नतीजे प्रभावित किए।

स्वतंत्र एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, कुल मतदाताओं का लगभग 810% हिस्सा या तो फर्जी या संदिग्ध पाया गया।

अगर यह सुधार नहीं किया गया, तो आने वाले विधानसभा चुनावों में भी यही परिदृश्य दोहराया जाएगा, और लोकतंत्र की नींव हिल जाएगी।

### विपक्ष का विरोध : संसद से सड़क तक

चुनाव आयोग द्वारा सुधार की घोषणा के बाद विपक्ष ने आक्रामक रुख अपनाया।

संसद ठप: पूरे सत्र को बाधित कर दिया गया।

# उप मुख्य टिकट निरीक्षक/टूंडला ने ट्रेन में मिले नाबालिग बच्चे को रेलवे सुरक्षा बल को सौंपा

भारत संवाद



प्रयागराज, रेल प्रशासन यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत रहा है एवं आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा सहायता भी उपलब्ध कराते हैं ।इन्ही प्रयासों के फलस्वरूप रेल यात्रियों एवं रेलवे के मध्य आपसी समन्वय बढ़ता है और रेलवे द्वारा किए जा रहे सकारात्मक प्रयास और सुविधाएं यात्रियों तक पहुँचती हैं। इसी क्रम में ट्रेनों में कार्यरत टिकट चेकिंग स्टाफ अपने निर्धारित कार्यों के साथ साथ ट्रेन में परिवार से बिछुड़े, घर से भागकर आए बच्चों को उनके परिवार से मिलवाने में भी सहायता करता है । टिकट चेकिंग स्टाफ यात्रा के दौरान सभी पर नजर रखते हैं एवं यात्री सुरक्षा व सहायता में अहम भूमिका निभाते हैं । इसी क्रम में दिनांक 04.08.2025 को गाड़ी संख्या 12382 नई दिल्ली-हावड़ा, पूर्वा एक्सप्रेस में ड्यूटी पर कार्यरत उप मुख्य टिकट निरीक्षक/टूंडला, श्री राजेश सिंह चौहान ने इटावा -कानपुर के मध्य एस-1 कोच में लगभग 12 वर्षीय बच्चे को यात्रा करते देखा ।उप मुख्य टिकट निरीक्षक द्वारा पूछताछ करने बच्चा रोने लगा एवं अपना नाम हर्षित, निवासी करहल, इटावा बताया । उप मुख्य टिकट निरीक्षक, श्री राजेश सिंह जी ने स्थिति को संदिग्ध देखते हुये तत्काल फोन के मध्यम से संबंध में वाणिज्य नियंत्रक/कानपुर एवं बच्चे के परिजनों के सूचना दी ।उप मुख्य टिकट निरीक्षक ने बच्चे की सुरक्षित घर वापसी के लिए उक्त बच्चे को रेलवे सुरक्षा बल/कानपुर के सुपुर्द किया।

# 5 दोस्त गंगा में डूबे, 3 की मौत

## बाढ़ के बीच नहाने गए थे, गहरे पानी में समाए; 2 को बचाया गया

भारत संवाद

प्रयागराज, प्रयागराज में 5 दोस्त गंगा नदी में डूब गए। चीख-पुकार सुनकर गोताखोरों ने नदी में छलांग लगाई।2 बच्चों को बचाया, जबकि 3 गहरे पानी में समा गए।डूबने से उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही जल पुलिस और एनडीआरएफ मौके पर पहुंची। करीब 1 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन में तीनों के शव बरामद किए। मरने वालों में 2 चचेरे भाई हैं। घटना गंगापार के थरवई थाना क्षेत्र के मनसैता की है। सभी बाढ़ में उफनाई गंगा में नहाने गए थे। थरवई के मनसैता में भीम कुंडा मंदिर के पीछे फाफामऊ में गंगा नदी की बाढ़ है। इसमें राजन पाल (14), लकी पाल (15), उत्कर्ष पाल (16), शिवम पाल (14) और अमन पाल (8) नहाने गए थे। नहाते समय पांचों अचानक गंगा में डूबने लगे। उनका शोर सुनकर गंगा किनारे मौजूद गोताखोर और नाविकों ने नदी में छलांग लगा दी। गोताखोरों ने बहमलपुर निवासी शिवम पाल और अमन पाल को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ और जल पुलिस मौके पर पहुंची।एनडीआरएफ और जल पुलिस ने 3 टीमों में बंटकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। करीब 1 घंटे की तलाश के बाद गांव मनसैता निवासी राजन उर्फ शशांक पाल, गांव पूरनतारा निवासी लकी पाल और गांव बहमलपुर निवासी उत्कर्ष पाल का शव बरामद किया गया।घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे।मौके पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों की भी भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। राजन और उत्कर्ष चचेरे भाई हैं। जबकि लकी उनका क्लास मेट है।वहीं राजन उर्फ शशांक के पिता मनोज बोर्ड ऑफिस में बाबू हैं। मौके पर एसडीएम सोरांव, एसीपी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे।राजन पाल 9वीं का छात्र था और अपने घर में तीसरे नंबर का बेटा था।


लकी, मृतक
राजन, मृतक
उत्कर्ष, मृतक

उसके पिता मनोज कुमार पाल यूपी बोर्ड में क्लर्क हैं। मनोज कुमार ने बताया कि बाहमालपुर का रहने वाला उत्कर्ष मेरे घर आया था। वह मेरे बेटे को बुलाकर ले गया।इसके बाद उसके नदी में डूबने की खबर आई।

फास्ट ट्रैक

### थाना को0देहात पुलिस द्वारा महिला के साथ सामुहिक दुष्कर्म करने के अभियोग से सम्बन्धित बाल अपचारी हिरासत में लिया गया

थाना को0देहात, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 02.08.2025 को एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादिनी/पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई ।उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0देहात पर मु0अ0सं0-330/2025 धारा 64 बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई ।सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना को0देहात को अभियुक्त की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए ।उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में सुरागरसी पतारसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही व गिरफ्तारी के क्रम में आज दिनांकः 05.08.2025 को प्रभारी निरीक्षक सदानन्द सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित बाल अपचारी को अंतर्गत धारा 70(1)351(2) बीएनएस में हिरासत में लेकर कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/बाल सुधार गृह भेजा गया ।

### थाना को0कटरा पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0कटरा पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांकः 05.08.2025 को उप निरीक्षक लल्लन यादव मय पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी आशीष जायसवाल पुत्र शंकर लाल जायसवाल निवासी मुकेरी बाजार थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर को उनके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### थाना लालगंज पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी गिरफ्तार

सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना लालगंज पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांकः 05.08.2025 को थाना लालगंज पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी जितेंद्र पुत्र संतोष निवासी बामी थाना लालगंज जनपद मीरजापुर को उनके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### आनलाईन पोर्टल के माध्यम से कृषको को वितरित की जायेगी निःशुल्क तोरिया बीज मिनीकिट

मीरजापुर - उप कृषि निदेशक विकेश पटेल ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि आनलाईन पोर्टल के माध्यम से कृषको को वितरित की जायेगी निःशुल्क तोरिया बीज मिनीकिटतिलहनी खेती को बढ़ावा देने के लिए सरसो की तरह तोरिया अथवा लाही की खेती भी कैच क्राप के रूप में ली जाती है, जो खरीफ की असफल बुवाई/क्षतिग्रस्त फसल अथवा रबी की फसल लेने से पहले कम अवधि (80 से 85 दिन) तोरिया की फसल ले सकते है।जिसे लाही अथवा राई भी कहते है।इसकी बुवाई सितम्बर के प्रथम पखवाड़े से द्वितीय पखवाड़े तक की जा सकी है।जिसमें बीज की मात्रा 4 से 5 किग्रा0 प्रति हे0 लगता है।जिसे कार्बेन्डाजीम 02 ग्राम प्रति किग्रा0 बीज अथवा थीरम 2.5 ग्राम प्रति किग्रा0 बीज से उपचारित करके बुवाई करना चाहिए जिससे फसल में लगने वाले रोगों से बचाव किया जा सके।इस फसल में सिंचित क्षेत्र में नाइट्रोजन 50 किग्रा0 तथा फास्फोरस 20 किग्रा0 एवं वारानी अथवा असिंचित क्षेत्रों में 100 किग्रा0 नाइट्रोजन तथा फास्फोरस 50 किग्रा0 प्रति हेक्टेयर की दर से देना चाहिए।जिसमें नाइट्रोजन का प्रयोग 1/3 भाग बुवाई के समय बेसल ड्रेसिंग, 1/3 भाग बुवाई के टाप ड्रेसिंग 20 से 25 दिन के बाद व 1/3 भाग टाप ड्रेसिंग 45 दिन के आस-पास करनी चाहिए तथा फास्फोरस की पूर्ण मात्रा बुवाई के समय बेसल ड्रेसिंग के रूप में करना चाहिए।तोरिया की फसल में फूल एवं फलियां लगने के समय सिंचाई की आवश्यकता होती है।तोरिया की खेती से किसान अपनी आय बढ़ा सकते है, खासकर उन किसानों के लिए जिनकी फसलें प्राकृतिक आपदाओं के कारण नष्ट हो गयी है।

# उत्तर मध्य रेलवे में 78वें स्वतन्त्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम

भारत संवाद




दिनांक 01.08.2025 से 15.08.25 तक उत्तर मध्य रेलवे में 78वें स्वतन्त्रता दिवसह्व समारोह के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है । इस अभियान में अंतर्गत महाप्रबंधक महोदय श्री उपेंद्र चंद्र जोशी एवं अनिमेष कुमार सिन्हा प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के नेतृत्व में दिनांक 05 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को रेलगाँव कॉलोनी सूबेदारगंज उमरे में मियांवाकी पौधारोपण स्थल पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । पौधारोपण का उद्देश्य प्रकृति को हरा भरा करना एवं वातावरण को शुद्ध बनाना है । वृक्ष हमारी भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। इस पौधारोपण कार्यक्रम में विभिन्न किस्म के लगभग 200 फलदार पौधो को लगाया गया जिनमे प्रमुखतः नींबू, आवला, अमरूद, शहतूत इत्यादि सम्मिलित थे । मियांवाकी पौधारोपण स्थल पर ड्रिप इरीगेशन की सुविधा मौजूद है, जिसमे पौधो की सिचाई समय समय पर की जाती है ।इस पौधारोपण कार्यक्रम में श्री रजनीश बंसल सीएमई/आईटी, श्री शिव कुमार मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक के साथ अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण शामिल हुए एवं सभी के द्वारा पौधारोपण किया गया ।इस दौरान पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक नें अपने आसपास और अधिक वृक्षो को लगाने एवं उनकी देखभाल करने का निवेदन किया । इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियो को स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत अपने कार्यस्थल, अपने घर एवं अपने आसपास के स्थान को स्वच्छ एवं साफ सुथरा करने और स्वच्छता बनाए रखने का भी निवेदन किया गया ताकि स्वच्छ भारत का सपना साकार हो सके । उपरोक्त कार्यक्रम मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक के मार्गदर्शन में विभिन्न पर्यवेक्षकों एवं हॉर्टिकल्चर कर्मियों द्वारा सम्पन्न किया गया।

# बाढ़ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे विधायक

## मोहल्ले की देखी जमीनी हकीकत, सुस्त राहत कामों में तेजी लाने के अपील

भारत संवाद

प्रयागराज, यमुना नगर के करछना विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित गांवों की स्थिति का जायजा लेने सोमवार को विधायक पीयूष रंजन निषाद पहुंचे। उन्होंने पनासा, पूरा मेडरा, कटका डेरा समेत कई बाढ़ग्रस्त इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया और जलभराव की स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने राहत शिविरों में ठहराए गए लोगों के लिए कैंप संचालन, भोजन, बिजली, साफ-सफाई और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत कार्यों में कोई ढिलाई न हो और जरूरतमंदों तक समय पर मदद पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शानुसार प्रशासन को राहत वितरण में पूरी तत्परता और पारदर्शिता बरतनी चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि करछना क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित सभी गांवों में लगातार निगरानी रखी जा रही है और हर संभव संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पीड़ितों से सीधे संवाद कर विधायक ने भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ खड़ी है और किसी को भी राहत से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। बाढ़ग्रस्त इलाकों में निरीक्षण के बाद प्रशासन ने कई क्षेत्रों में राहत कार्यों की रफ्तार तेज कर दी है।



# मण्डलायुक्त सेंट जोसेफ गर्ल्स कालेज, मम्फोर्डगंज में बनाये गये बाढ़ राहत शिविर पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## बाढ़ राहत शिविर में रह रहे लोगो को न होने पाये किसी भी प्रकार की परेशानी

भारत संवाद

मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत मंगलवार को सेंट जोसेफ गर्ल्स कालेज, मम्फोर्डगंज में बनाये गये बाढ़ राहत शिविर पहुंचकर वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने शिविर में रह रहे लोगो से बातचीत करते हुए शिविर में मिल रही सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली, जिसपर वहां रह रहे लोगो के द्वारा उन्हें बताया गया कि सभी व्यवस्थायें ठीक है तथा खाना-पानी समय से मिल रहा है। मण्डलायुक्त ने बाढ़ राहत शिविर में सभी व्यवस्थायें चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिए है।उन्होंने कहा कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये।उन्होंने बाढ़ राहत शिविर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाये गये स्टॉल पर पहुंचकर दवाओं की उपलब्धता व चिकित्सा से सम्बंधित अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। कहा कि यहां पर रह रहे लोगो को यदि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सम्बंधी समस्या हो, तो तत्काल उनका समुचित उपचार किया जाये।



# नगर निगम प्रयागराज ने लगवाया एक्सिस बैंक के सहयोंग से हेल्थ चेकअप कैम्प

## ए0एस0जी0 आई हॉस्पिटल की टीम ने किया, निगम कर्मचारियों की बीमारियों की जॉच।

भारत संवाद



प्रयागराज।नगर निगम प्रयागराज ने अपने सफाई कर्मचारियों के लिए एवं अन्य कर्मचारियों हेतु एक्सिस बैंक के साथ मिलकर मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया।जिसमें बडी संख्या में कर्मचारियों द्वारा हिस्सा लिया गया।मेडिकल कैम्प के आयोजन में अधिकतर कर्मचारियों का नेत्र, रक्तचाप और मधुमेह जैसी गम्भीर बीमारी की जॉच की गयी। एएसजी आई हॉस्पिटल और मेडिकल काउंसलर श्री धीरेंद्र सचान के सहयोग से एक्सिस बैंक लिमिटेड, सिविल लाइंस प्रयागराज को इस कार्य के लिए नियुक्त किया है। गतिविधि बहुत सफल रही और नगर निगम कर्मचारी जल्द से जल्द ऐसी गतिविधियों को फिर से आयोजित करने की मांग कर रहे हैं।इस सम्बन्ध में बैंक से पुनः कैम्प का आयोजन कराये जाने हेतु सहमति व्यक्त की गयी।इस दौरान नगर निगम के कर्मचारी तथा एक्सिस बैंक के श्री संदीप त्रिपाठी (एवीपी), श्री रोहित कुमार (वरिष्ठ प्रबंधक), एएसजी आई हॉस्पिटल की टी तथा मेडिकल काउंसलर श्री धीरेन्द्र सचान उपस्थित रहे।

# पूर्व महापौर ने बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत सामग्री

## बलुआघाट, गऊघाट और मीरापुर स्थित राहत शिविर में जाकर बाढ़ पीड़ितों से की मुलाकात

भारत संवाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रयागराज, मिजार्पुर एवं बांदा जनपद में बाढ़ की स्थिति पर नजर रखते हुए बाढ़ पीड़ितों की मदद में तत्तर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री एवं प्रयागराज शहर दक्षिणी विधायक नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के निर्देश पर प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने राहत शिविरों में जाकर सेवा कार्य किया।पूर्व महापौर ने जहां राहत शिविरों में राहत सामग्री वितरित की। वहीं बाढ़ प्रभावित बलुआघाट मलिन बस्ती में जाकर सेवा कार्य करते हुए लोगों को हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया।प्रयागराज की पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने मंगलवार को प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के गऊघाट स्थित जमुना क्रिश्चियन इंटर कॉलेज एवं मीरापुर स्थित रमा देवी बालिका इंटर कॉलेज में संचालित राहत शिविर में जाकर आस-पास के क्षेत्रों से आए बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की।सभी का कुशलक्षेम जानने के साथ ही सुविधाओं की जानकारी ली। पूर्व महापौर ने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की।इसके बाद पूर्व महापौर बाढ़ प्रभावित बलुआघाट बारादरी मलिन बस्ती में नाव से पहुंचीं। पूर्व महापौर ने बाढ़ में फंसे लोगों से बातचीत करने के साथ ही उन तक राहत सामग्री पहुंचाई। साथ ही उन्हें आश्वस्त किया कि डबल इंजन की सरकार पूरी तरह से उनके साथ है।एक-एक व्यक्ति की सुरक्षा के लिए सरकार सतर्क है।कटिबद्ध है।



समारोह | कोराव क्षेत्र के कूदर गांव में हुआ आयोजने माताजी कौशल्या नंद गिरी रहीं मुख्य अतिथि

# दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह सम्पन्न

भारत संवाद

प्रयागराज, प्रयागराज, कोरांव। सत्यम सिंह पूर्व महानगर मंत्री के द्वारा ग्राम सभा कूदर में 5अगस्त को विकलांग एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क सहायता उपकरण 400 लोगों को वितरित किए गए सहायक उपकरण

1. व्हीलचेयर
2. कमोड वाली लैटरिंग की कुर्सी
3. छड़ी
4. कमर का बेल्ट
5. गले का बेल्ट
6. कान का मशीन
7. टी साइकिल

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में माताजी महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी जी किन्नर अखाड़ा दर्जा प्राप्त मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि इस प्रकार का सेवा कर निश्चित ही बड़ा सराहनीय है क्योंकि प्रयागराज के सबसे दूर स्थित कुरान जैसे स्थान पर अनोखी अनेक व्यक्ति को जिनको चलने में सुनने में और देखने में दिक्कत थी उनको निशुल्क सहायक का उपकरण मिलने से उनके जीवन में आसानी होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में नवीन कुमार सिंह माननीय न्यायाधीश हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए जिससे समाज के पिछले लोगों की मदद तथा उनके जरूरत को निशुल्क रूप से पूरा किया जा सके।मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर हरीश सिंह ने कहा कि अब हमारी कोशिश रहेगी की हर महीने में सत्यम सिंह के माध्यम से मैं कोराव क्षेत्र में इस तरह का सेवा का कार्यक्रम करूं। समाजसेवी रवि सक्सेना जी ने कहां कि जिस तरह से 2 दिन से प्रदेश में बाढ़ की स्थिति के बावजूद भी इतना बड़ा कार्यक्रम निशुल्क रूप से कराया गया यह अत्यंत सराहनीय विषय है और इससे निश्चित रूप से क्षेत्र वासियों को बहुत ही सुविधा प्राप्त होगी। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी जीत बहादुर सिंह जी ने ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम क्षेत्र में पहली बार हुआ की 400 लोगों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए इससे इससे क्षेत्र वासियों को बड़ा ही फायदा होगा और ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए चित्रकूट सिंह जी सज्जन बहादुर सिंह अंकित कुमार तिवारी जी अभिषेक तिवारी जी राजेंद्र सिंह यासीन अली अब्दुल समद मनीष सिंह कोटेदार है गांव के सैकड़ो वरिष्ठ नागरिकों के बीच में निशुल्क वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम संयोजक सत्यम सिंह जी ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम हर महीने कराए जाएंगे और बड़ी मात्रा में लोगों को सेव किया जाएगा और अब शिक्षा के क्षेत्र में भी नए-नए निशुल्क सेवा कार्यक्रम कराए जाएंगे शिक्षा और स्वास्थ्य पर क्षेत्र वासियों को मजबूत बनाना है







# बाढ़ प्रभावितों को हर सम्भव किया जाए मद्द, राहत शिविरों में रह रहे लोगो को भोजन, नाश्ता गुणवत्तापूर्ण समय से कराएं उपलब्ध -प्रभारी मंत्री

## पशुओं के लिए चारा/भूषा आदि की समुचित व्यवस्था के साथ ही शत प्रतिशत पशुओं का करे टीकाकरण

- प्रत्येक पीएचसी/सीएचसी पर चिकित्सकों व दवाईयों की उपलब्धता करते हुए 24 घण्टे रखे सक्रिय
- नाव की पर्याप्त व्यवस्था एवं रात्रि के समय भी इमरजेंसी के लिए तैनात रखे नाव/मोटरबोट

भारत संवाद

मीरजापुर - प्रदेश के मा0 मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने जनपद भ्रमण के दूसरे दिन जिला पंचायत सभागार में बाढ़ के दौरान बचाव व राहत से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ की स्थिति व राहत बचाव की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। इस अवसर पर मा0 विधायक नगर श्री रत्नाकर मिश्र, मा0 विधायक मड़िहान श्री रमाशंकर सिंह पटेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।बैठक में जिलाधिकारी ने मा0 प्रभारी मंत्री को बाढ़ की स्थिति, प्रभावित फसलों, मकान एवं वितरित की जाने वाली राहत सामाग्री, खाद्य सामाग्री, लंच पैकेट, बाढ़ चैकियों की सक्रियता, नाव नाविको की उपलब्धता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मंत्री औद्योगिक विकास श्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रभावित पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखते हुए उनके लिए पर्याप्त मात्रा में भूषा, चारा आदि व्यवस्था मुहैया कराया जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में शत प्रतिशत पशुओं को खुरपका, मुहपका व अन्य सम्बन्धित बीमारियों से बचाव के दृष्टिगत अभियान चलाकर टीकाकरण करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि बाढ़ से प्रभावित पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहने पाए इसके लिए राहत शिविरों में लंच पैकेट, नाश्ता अथवा बच्चों के लिए दूध की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में वितरण कराया जाए।



# मंदिर के निकट से मीट दुकान हटवाने की मांग

## जनसुनवाई में आयी पांच समस्याओं में से एक का हुआ तत्काल निस्तारण

भारत संवाद



सहारनपुर। नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान आयी पांच समस्याओं में से सफाई सम्बंधी एक समस्या का तत्काल निस्तारण किया गया। दो-तीन लोगों ने टैक्स बिल ठीक कराने के लिए भी प्रार्थना पत्र दिया जिस पर नगरायुक्त शिपू गिरि ने मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को जांच कराकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए ।वार्ड संख्या 06 हलालपुर निवासी गोपाल सैनी ने हलालपुर में रविदास मंदिर के पास नाली की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर तत्काल क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई कर्मचारी को भेजकर साफ सफाई करा दी गयी। वार्ड 05 दाबकी जुनारदार निवासी सूरज सिंह ने भी दाबकी जुनारदार में नाले की साफ सफाई कराये जाने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षक कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त वार्ड 41 उत्तरी शारदा नगर निवासी सनोज कुमार ने शारदा नगर में मंदिर के पास मीट की दुकान बंद कराये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को स्थल निरीक्षण करने के निर्देश ताकि उसके आधार पर कार्रवाई की जा सके। वार्ड 35 पंसारी बाजार के अरुण कुमार ने एक व्यक्ति द्वारा चैक में किये गए अवैध कब्जे को हटवाने के लिए तथा वार्ड 02 विशाल विहार निवासी संदीप ने कॉलोनी की गली नंबर एक में स्ट्रीट लाइट ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिनके सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, हुई नोक झोंक

## गांधी पार्क पर बैठकर किया विरोध प्रदर्शन

### महिला नेत्री ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन

डोली शर्मा संवाददाता/भारत संवाद



अलीगढ़। जनपद को करोड़ों रुपए की सौगात देने आये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन ने जबरदस्त सतर्कता बरती, विरोधी दल के जिन नेताओं से पुलिस को खतरे का अंदेशा था उन्हें पुलिस ने उनके घरों में किया नजरबंद। इतने के बावजूद कुछ विरोधी दल ऐसे भी थे जो लोग विरोध प्रदर्शन करने के लिए हर हद को पार कर गए- सड़कों पर उतर आए। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने गांधीवादी राह पकड़ी और ये लोग अपने अपने हाथों में तख्तियां लेकर बस स्टैंड के पास स्थित गांधी पार्क के प्रवेश द्वार पर पहुंच गए और यहां बैठकर नारेबाजी करने लगे। इस विरोध प्रदर्शन की सूचना पर इलाका पुलिस भी यहां आ गई, प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन यह कोशिश भी नाकामयाब साबित हुई। प्रदर्शन कर रहे लोगों को पुलिस क्षेत्राधिकारी ने भी समझाया और इनका ज्ञापन मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वस्त दिया। फिर भी यह लोग यहां से हटने को तैयार नहीं हुए। इस विरोध प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी युवजन सभा के साथ साथ सपा महिला सभा और समाजवादी पार्टी के पार्षद भी मौजूद रहे, यहां जानकारी देते हुए एक पार्षद ने अपना नाम न लिखने की शर्त पर कहा कि जब मुख्यमंत्री का जनप्रतिनिधियों से संवाद का कार्यक्रम था तो इसमें सपा के पार्षदों को क्यों नहीं बैठने दिया जबकि सच तो ये है कि उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है और उस पर भी जब उनकी पार्टी के लोग सूबे के मुख्यमंत्री से मिलना चाहते हैं तो उन्हें रोक दिया गया है। इस दौरान यहां सपा युवजन सभा के महानगर अध्यक्ष आमिर आबिद इलू ने मुख्यमंत्री की सौगात को केवल जुमले बाजी बताते कहा कि वह खुद इस अलीगढ़ की तस्वीर को गौर से देखें तो यहां की टूटी फूटी सड़के, बेरोजगारी, अपराध, और जलभराव की समस्या स्मार्ट सिटी का सूरते हाल बयां करने के लिए काफी हैं ।इस दौरान विरोध प्रदर्शन में शामिल समाजवादी पार्टी की महिला नेत्री ने स्कूल मर्जर के विषय को उठाया और कहा कि इससे बेरोजगारी और अशिक्षा दोनों ही बढ़ेंगे ।सूत्रों की मानें तो यहां पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं की काफी देर तक पुलिस के साथ जद्दोजहद चलती रही और इसके बाद जब सपा नेताओं ने आगे बढ़ने का प्रयास किया तो पुलिस ने इन्हें रास्ते में ही रोककर सीधे पुलिस चौकी गांधी पार्क का रास्ता दिखाया इसके बाद सपाइयों का गुस्सा भड़क गया और फिर समाजवादी पार्टी की एक महिला नेत्री ने पुलिस से अकेले ही मोर्चा लिया। बताया जाता है कि इस दौरान यहां पर महिला नेत्री ने सीएम का पुतला दहन करने का प्रयास किया फिर पुलिस से महिला की कड़ी जद्दोजेहद हुई लेकिन यहां पर महिला पुलिस की गैर मौजूदगी में पुलिस बाद में बेबस नजर आई और समाजवादी पार्टी की महिला नेत्री ने अंततः नारेबाजी करते हुए प्रतीकात्मक रूप से मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर दिया।

फास्ट ट्रैक

# पीड़िता ने मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

## सलमान हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराये जाने की मांग

सहारनपुर। पीड़िता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर अपने मृतक पुत्र के आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जेल भेजने की मांग की है ।थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत साधू विहार निवासी श्रीमती जाहिद पत्नी शहजाद ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि उसके पुत्र सलमान को उसकी पत्नी व उसके प्रेमी द्वारा 31 मई 2025 को जहरीला पदार्थ खिला दिया था जिससे उसकी हालत बिगडने लगी थी, गंभीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मृत्यु हो गयी थी। सलमान की हत्या की उसकी पत्नी व उसके प्रेमी का हाथ है। जिसकी पुलिस द्वारा सही तरीके से जांच की जाये तो हत्या का खुलासा हो सकता है। सलमान की पत्नी ने योजनाबद्ध तरीके से सलमान का पोस्टमार्टम नहीं कराया और आनन फानन में उसे दफना दिया गया। पीड़िता ने मांग की है कि सलमान का पोस्टमार्टम पुनः कराया जाये ताकि सलमान की हत्या में दोषियों के खिलाफ सही जांच हो सके और दोषियों को जेल भेजा जा सके।

# सपाईयों ने मनाई छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती

सहारनपुर। सपा जिला अध्यक्ष चैधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि यह जयंती केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं, बल्कि समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराने का दिन है। उन्होंने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने डॉ. राम मनोहर लोहिया और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के साथ मिलकर पार्टी को संगठनात्मक रूप से सशक्त किया। उनका जीवन समाजवाद, समानता और जनसेवा को समर्पित रहा। उनके विचार और आदर्श आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। चैधरी अब्दुल वाहिद अंबाला रोड स्थित जिला कार्यालय पर पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। सपा प्रदेश सचिव मजिहर राणा एवं पूर्व मंत्री विनोद तेजियानं सपा प्रदेश आमंत्रित सदस्य रतन यादव पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विजेश शर्मा ने कहा कि जनेश्वर मिश्र को ह्यछोटे लोहियाह्व के नाम से जाना जाता था। उन्होंने जन आंदोलनों के माध्यम से समाज में चेतना लाने का कार्य किया और पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में पार्टी नेताओं, कार्यकताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों ने जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी सपा वरिष्ठ नेता चैधरी अब्दुल कपूर हाजी खुर्शीद अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव जमाल साबरी काशिफ अल्वी मास्टर राजवीर यादव शाहजमा एडवोकेट हसीन कुरैशी महेंद्र राकेश महजबी खान शाहिद मंसूरी रिजवान बिलाल चैधरी जुमला सिंह चैधरी कुंवर पाल अहमदपुर दिलशाद साकिब मोहम्मद आफताब कुर्बान वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

# ड्रोन और चोरी की अफवाहों को लेकर पुलिस अलर्ट

सहारनपुर। जनपद में ड्रोन कैमरे और चोरों को लेकर फैल रही अफवाहों के संबंध में पुलिस सतर्क है और लगातार कड़ी निगरानी कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपदवासियों को लगातार जागरूक किया जा रहा है और उनसे अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तत्काल डायल 112 या नजदीकी थाने को दें। सभी नागरिकों को चेताया गया है कि कोई भी कानून को अपने हाथ में न ले अन्यथा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्राम स्तर पर सुरक्षा समितियों के गठन के निर्देश दिए गए हैं और ग्राम प्रधानों की बैठक लेकर चैकीदारों को भी सतर्क रहने को कहा गया है ।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एसआई सुन्दर सिंह को पुलिस विभाग ने दी श्रद्धांजलि

सहारनपुर। थाना गंगोह में तैनात उपनिरीक्षक स्व. सुन्दर सिंह के असामयिक एवं दुःखद निधन पर पुलिस विभाग में शोक की लहर है। वर्ष 1994 में आरक्षी पद पर भर्ती हुए स्व. सुन्दर सिंह वर्तमान में जनपद सहारनपुर के थाना गंगोह में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत थे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्व. सुन्दर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलने जा रहे कांग्रेसियों को जिला कार्यालय पर पुलिस ने किया नजरबंद

## जिलाध्यक्ष सोमवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस क्षेत्राधिकारी को सौंपा ज्ञापन



प्रवीन कुमार शर्मा संवाददाता/ भारत संवाद

अलीगढ़। आज कांग्रेसियों की मुख्यमंत्री से मिलने को जारहे कांग्रेसियों को रोका दिया, इन लोगों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को अपना ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया। मंगलवार को सूबे के कर्मयोगी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ आए थे। उनके आगमन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोमवीर सिंह के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ता उनसे मिलकर एक ज्ञापन देना चाहते थे। इसी उद्देश्य को लेकर कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय रेलवे रोड पर एकत्रित होगये । आशंका को भांपकर इलाका पुलिस यहां पर पहुंच गई। पुलिस के क्षेत्रसधिकारी भी कांग्रेस कार्यालय पर आ गए उसके वाद सभी कांग्रेसियों को उन्हीं के कार्यालय में नजरबंद कर लिया। इसके बाद सभी कांग्रेस के कार्यकर्त्ता नारेबाजी करते हुए सुरक्षा घेरे को तोड़कर बाहर सड़कों पर आ गए। जैसे ही यहां से आगे जाने लगे तभी एक बार फिर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए इन्हें रोक दिया। पुलिस व कांग्रेसियों व क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार में बात चीत कर हल निकाला और क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन दिया गया इसे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। इन सभी कांग्रेसियों को शांत कराया। प्रदर्शकारियों का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह और कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक आलोक गौड़ ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत वह सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलना चाहते थे लेकिन पुलिस के बल पर उनकी आवाज को दबाया जा रहा है जबकि सच तो यह है कि स्मार्ट सिटी अलीगढ़ हल्की बारिश में ही टापू बन जाता है। किसानों को बिजली पानी खाद तक मुहैया नहीं करा पारही है सरकार दूसरा स्कूलों को मर्जर करने का फैसला भी सरकार की तानाशाही का जीता जागता उदाहरण है ।कांग्रेस पार्टी के विरोध प्रदर्शन के दौरान बॉबी वसी, शीलू चंदेल शाहिद खान, मुहम्मद ज़ियाउद्दीन राही, हेमंत टोटो और ठाकुर अमित कुमार सिंह समेत दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

# सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट के चलते निजी विद्यालयों की बढ़ी मनमानी



श्याम सिंह पंवार
वरिष्ठपत्रकार, कानपुर, यूपी



भारत संवाद

भारत में शिक्षा को हर बच्चे का मौलिक अधिकार माना गया है, और इस अधिकार को साकार करने में सरकारी विद्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किंतु विडंबना यह है कि पिछले कुछ दशकों में सरकारी विद्यालयों की छवि और शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर गम्भीर सवाल उठे हैं। इसका प्रत्यक्ष परिणाम यह हुआ कि निजी विद्यालयों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई और वे मनमाने शुल्क, प्रवेश नियम तथा अन्य गतिविधियों के माध्यम से आम जनता का शोषण करने लगे ।यदि सरकारी विद्यालयों में अध्यापक ईमानदारी से पढ़ाते, विद्यार्थियों को समझने और सिखाने के लिए उपयुक्त विधियों का प्रयोग करते, तो शायद यह स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती। लेकिन वर्षों से देखने को मिला है कि कई सरकारी विद्यालयों में अध्यापक केवल औपचारिकता निभाते हैं। कई बार तो ऐसे भी समाचार सामने आते हैं कि अध्यापक विद्यालय में मौजूद नहीं होते, और यदि होते भी हैं, तो कक्षा में पढ़ाई नहीं कराते। पाठ्यक्रम पूरा नहीं होता, परीक्षा के समय उत्तर पुस्तिकाओं को बिना जाँच के अंक दिए जाते हैं, और विद्यार्थियों की नींव कमजोर रह जाती है ।यही कारण है कि अभिभावक अपनी सीमित आर्थिक स्थिति के बावजूद अपने बच्चों को निजी विद्यालयों में भेजना अधिक सुरक्षित समझते हैं। निजी विद्यालयों ने इसी डर और असंतोष का लाभ उठाया और धीरे-धीरे शिक्षा को व्यवसाय बना दिया। आज स्थिति यह है कि एक सामान्य निजी विद्यालय भी हजारों रुपये मासिक शुल्क वसूलता है। शिक्षण से अधिक उनका ध्यान वर्दी, किताबें, यातायात और अन्य सुविधाओं पर होता है, जिनके लिए अभिभावकों को मनमाने तरीके से भुगतान करना पड़ता है। अगर सरकारी विद्यालयों के अध्यापक अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते, तो एक मजबूत और गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था खड़ी होती, जिससे समाज के हर वर्ग को समान अवसर मिलता। इससे निजी विद्यालयों की अनियंत्रित वृद्धि पर भी नियंत्रण होता और शिक्षा का बाजारीकरण नहीं होता।

# हर घर तिरंगा अभियान-2025 के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों में तिरंगा रंगोली , तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं एवं निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

भारत संवाद




सुलतानपुर ,शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान-2025 के अन्तर्गत प्रथम चरण में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालयों में हर घर तिरंगा अभियान-2025 के प्रथम चरण (दिनाँक 02 अगस्त से 08 अगस्त 2025 )के अंतर्गत सभी स्कूलों की दीवारों और बोर्डो को तिरंगा रंग से प्रेरित कला से सजाया गया एवं संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रदान की गयी प्रदर्शनियों को वेबसाईट www.harghartiranga.com से डाउनलोड कर बच्चों के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।हर घर तिरंगा अभियान-2025 के अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय करसा, जयसिंहपुर, कम्पोजिट विद्यालय कस्बा कूरेभार, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सराय कादीपुर, जयसिंहपुर, प्राथमिक विद्यालय कमोलिया दूबेपुर में तिरंगा रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता, बच्चों को तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिता, तिरंगे धागों युक्त तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधि का आयोजन कराया गया।

# प्रदेश सरकार की महत्त्वाकांक्षी अवस्थापना विकास योजना को मिलेगा व्यापक विस्तार

## अलीगढ़ मण्डल में वर्ष 2025-26 के लिए 4711 करोड़ की कुल 1248 परियोजनाएं प्रस्तावित

**मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से ही विकास योजनाएं बनती हैं जनमानस की आकांक्षा का प्रतिबिम्ब**

**हर विधानसभा क्षेत्र में होगा एक पर्यटन स्थल का चयन, जनहित के सभी प्रस्तावों पर शीघ्र क्रियान्वयन के निर्देश**

भारत संवाद



अलीगढ़ (सू0वि0): मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने कलैक्ट्रेट सभागार में अलीगढ़ मंडल के मा0 जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जनहित से जुड़े विकास कार्यों की निरंतरता बनी रहनी चाहिए, जिससे पिक एंड चूज की कोई गुंजाइश न रहे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि जनता की आवश्यकता वाले कार्यों को प्राथमिकता दें और उपलब्ध धनराशि का जनहित में पारदर्शी व सदुपयोग सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि छोटे-छोटे कार्य विधायक निधि, जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं पंचायत निधि से पूरे कराए जाएं। स्वच्छता पर विशेष बल देते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता समिति का गठन हो, जल निकासी व सफाई की बेहतर व्यवस्था हो और धार्मिक व पौराणिक स्थलों का सौंदर्यकरण एवं संपर्क मार्ग से जुड़ाव सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के अंतर्गत 1,000 से अधिक धार्मिक स्थलों पर सौंदर्यीकरण एवं सुविधाओं का विकास कराया है। अब यह आवश्यक है कि हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक पर्यटन स्थल का चयन कर, वहां आधारभूत सुविधाओं के विकास की कार्ययोजना बनाई जाए।

## कविता

**बचपन की बारीश , बम की वर्षा**

बारिश का मौसम,  
लगता था सुहाना।

भीगें -भीगें कोमल पत्तों पर,  
छोटी - छोटी बूँदों का गिरना,

खींचती हैं मन को,  
बचपन की यादें,

कागज की कश्ती,  
बरखा का पानी।

फूलों पर रंग - बिरंगी,  
तितलियों का बैठना,

पंख हिला - हिला कर उड़ना,  
लगती थीं कितनी सुंदर।

कहाँ गया वे दिन,  
कैसा है यह दौर?

भीगा - भीगा चित्त मोरा,  
इधर - उधर भटक रहा,

न कोई ठौर - ठिकाना,  
विश्व मे युद्ध हो रहा,

मृतप्राय है संवेदना,  
मानव अस्तित्व खतरे में,

मिसाइल ड्रोन की वर्षा हो रही,  
मुश्किल है अब बच पाना,

जागो रे! चेतना!  
देखो! चीख पुकार रहे हैं,

हाल बेहाल, फटे हाल है,  
दया करो! जन निर्दोष हैं,

जाओ! इन्हें शांति का पाठ पढ़ा दो!  
बम की वर्षा हो रही, उन्हें अब रोक दो!

सौहार्द, सौमनस्य की भावना हो,  
प्रार्थना है - जग में अमन - चैन हो।



(मौलिक रचना)  
चेतना सिंह, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश

# एशियन कुराश चैंपियनशिप 2025 में जिले के खिलाडियों का जलवा

भारत संवाद

सहारनपुर। दक्षिण कोरिया में दिनांक 31 जुलाई से 5 अगस्त 2025 तक आयोजित एशियन कुराश चैम्पियनशिप 2025 में सहारनपुर के दो होनहार खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन करते हुए कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। 42 किग्रा भार वर्ग में कृष्णा शर्मा एवं 50 किग्रा भार वर्ग में राघव मिडढा ने पदक जीते। इन दोनों खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न केवल भारत के लिए पदक अर्जित किए, बल्कि उत्तर प्रदेश और विशेष रूप से सहारनपुर को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है ।इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे खिलाड़ियों की कठोर मेहनत, लगन और समर्पण के साथ-साथ उनके कोच श्री मोहित शर्मा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने निरंतर मार्गदर्शन एवं कठिन परिश्रम से इन खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगिता के लिए तैयार किया।

द इंडियन कुराश एसोसिएशन के महासचिव विक्रांत कुमार ने बताया हमारे युवा खिलाड़ी लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।

# पत्रकारों से मुख्यमंत्री की दूरी क्या संकेत दे रही....?

भारत संवाद

सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंडलीय समीक्षा बैठक से विपक्ष के जनप्रतिनिधियों ने बनाई दूरी एवं मुख्यमंत्री के सहारनपुर आगमन पर पत्रकारों से दूरी बनाये रखना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। पत्रकारों में भी इस बात को लेकर जबरदस्त रोष है कि उनके प्रदेश का मुखिया उनके बीच आता है और उनसे बगैर मिले और उनका हाल-चाल जाने बिना वापस चला जाता है। प्रमुख सामाजिक संगठनों के महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यकताओं की भूमिका भी इस मामले में गौण हो गयी है। किसी को भी मुख्यमंत्री से मिलने का मौका नहीं दिया गया। उनमें भी भारी रोष है। अलबत्ता भाजपा हर चुनाव के मौके पर बुद्धिजीवियों के सम्मेलन जरूर करती है, लेकिन व्यवहार में उसकी इस वर्ग से दूरी न पाटे जाने जैसी है। सरकार उसके मुखिया के लिए उसके सांसद और विधायक ही महत्वपूर्ण हैं। जनता का यह बहुत आंशिक प्रतिनिधित्व है। जबकि स्वतंत्रता की इतनी लम्बी यात्रा में लोकतंत्र को बहुत फलना फूलना चाहिए था। विपक्षी और मीडिया और सामाजिक संगठन एवं बुद्धिजीवी वर्ग लोकतंत्र की बुनियाद हैं। जो अब हिलती दिख रही है। इन वर्गों की उपेक्षा की कीमत अवश्य ही भाजपा को आने वाले चुनाव में भुगतनी पड़ेगी।

सहारनपुर मंडल में लोकसभा की तीन सीटें हैं, सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद कांग्रेस का कैराना की सांसद इकरा हसन सपा का और मुजफ्फरनगर के सांसद हरेन्द्र मलिक सपा का प्रतिनिधित्व करते हैं। तीनों इस बैठक में शामिल नहीं हुए।


**उत्तर मध्य रेलवे**

टेण्डर संख्या-230-वि0/क0वि0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2025/571 — दिनांक : 02.08.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता/क0वि0/स्पे0/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 : 230-क0 वि0-कार्य ठेका-961-2025 | अनुमानित लागत : रू0 1,35,96,810.36 |
| कार्य का विवरण : उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के डीएफसीसीआईएल के नए खुर्जा स्टेशन पर डीएफसीसीआईएल ट्रैक से कम दूरी होने के कारण 132 केवी 3 फेज डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइनों में संशोधन का कार्य। | |
| बिड सुरक्षा राशि : रू0. 2,18,000.00 | कार्य अवधि : 12 महीना |
| बोली प्रणाली : एक पैकेट | निविदा बन्द होने की तिथि तथा समय : 25.08.2025, 14:00 बजे |
| निविदा खुलने की तिथि तथा समय : 25.08.2025, 15:00 बजे | |


नोट : 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) बेवसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई.बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1378/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



भारत संवाद परिवार — 1-संरक्षक-भारत संवाद डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित, 2-संरक्षक-भारत संवाद, आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ, 3-संरक्षक-भारत संवाद गजानन महतपुरकर, (सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त), 4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद), जगन्नाथ तिवारी, 5-उपसंपादक (भारत संवाद), माता प्रसाद शर्मा, 6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण आशीष कुमार शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा रमा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1-ए बेली रोड नया कटरा इलाहाबाद से मुद्रित एंव ज्ञान गंगा कालोनी सराय तकी झूंसी प्रयागराज से प्रकाशित।
संपादक- अरविन्द कुमार शर्मा। फोन नं०.05324012522 मो०-9455137214,9935750291,E mail-bharatsamvad2009@gmail.com RNI No-UPHIN/2009/30939
(किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र इलाहाबाद उच्च न्यायालय होगा)।



# रक्षाबंधन पर अपने नाखूनों को दें न्यू लुक

रक्षाबंधन के मौके पर अगर अपने नाखूनों को न्यू लुक देना चाहती हैं तो इस आर्टिकल की मदद से आप ऐसा कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ नेल आर्ट डिजाइन दिखा रहे हैं जो नाखूनों को न्यू लुक देने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। वहीं इस तरह से नेल आर्ट डिजाइन आप आपने आउटफिट के हिसाब से बनवा सकती हैं और इस तरह के नेल आर्ट डिजाइन आपके नाखूनों को स्टाइलिश और न्यू लुक भी देंगे।

## लीव्स डिज़ाइन नेल आर्ट

इस तरह का नेल आर्ट आप अपने नाखूनों पर बनवा सकती हैं। यह नेल डिजाईन आपके नाखूनों को न्यू लुक देंगे साथ ही अपने नाखून काफू खूबसूरत भी नजर आएंगे। इस तरह का नेल आर्ट डिजाइन आप दो से तीन नेल पोलिश की मदद से बनवा सकती है।

## ओम्ब्रे पिंक क्लाउड डिजाइन नेल आर्ट

इस तरह का ओम्ब्रे पिंक क्लाउड डिजाइन नेल आर्ट भी आपके नाखूनों को न्यू लुक देगा। इस नेल आर्ट में पिंक नेल पोलिश साथ ही वाइट कलर की नेल पोलिश लगाई गई है जो आप घर पर बना सकती हैं।

## ग्लिटर नेल आर्ट

इस तरह का ग्लिटर नेल आर्ट भी नाखूनों पर बनाया जा सकता है। अगर आप डार्क कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो आप इस तरह का नेल आर्ट डिजाइन आपके आउटफिट के साथ परफेक्ट मैच करेगा। इस नेल आर्ट को आप 2 नेल पोलिश साथ ही ग्लिटर की मदद से बना सकती हैं।

## ग्लिटर स्ट्रिप्स नेल आर्ट

यह नेल आर्ट भी आप अपने आउटफिट के हिसाब से बनवा सकती हैं। यह नेल आर्ट डिजाइन लाइट कलर के आउटफिट के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट है और इस तरह के नेल आर्ट को आप 2 नेल पोलिश की मदद से बना सकती हैं।





# क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल में रखें इन जरूरी बातों का ध्यान

**आजकल हर बैंक बहुत आसानी से क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराता है। क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल अगर ठीक तरीके से किया जाए तो इससे ना सिर्फ आपको मुश्किल वक्त से उबरने में मदद मिलती है, साथ ही आपको अपनी वित्तीय जरूरतों के लिए किसी और पर निर्भर होने की जरूरत भी नहीं पड़ती। अगर आप पहली बार क्रेडिट कार्ड लेने जा रही हैं तो इसके इस्तेमाल को लेकर आप एक्साइटेड होंगी।**

क्रेडिट कार्ड का यूज करते हुए आपको कई तरह के एक्साइटिंग ऑफर मिलते हैं। आप जितना खर्च करती हैं, उतनी ही तरह के लाभ आप पा सकती हैं। लेकिन क्रेडिट कार्ड जितनी सहूलियत देता है, बेहिसाब खर्च होने पर उतना ही नुकसानदेह भी साबित हो सकता है। अगर आप इसके इस्तेमाल में लापरवाह हुए तो फायदे के बजाय आपको इससे बहुत ज्यादा नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसीलिए आपको इसका इस्तेमाल करते हुए काफी होशियारी से काम लेना होगा। आइए जानें कि आप अपना पहला क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हुए किन बातों का ध्यान रखें-

## क्रेडिट कार्ड पर लगने वाली फीस की करें तुलना

सभी क्रेडिट कार्ड पर अलग तरह से फीस और इंट्रस्ट रेट लगते हैं और इन पर बेनिफिट भी अलग होते हैं। जिस क्रेडिट कार्ड पर सबसे कम फीस वसूली जा रही हो, सबसे कम इंट्रस्ट देना पड़ता हो और ऐसे बेनिफिट्स मिलें, जिससे आपकी जरूरतें पूरी हो जाएं, वही आपके लिए बेस्ट है। हो सकता है कि अलग-अलग क्रेडिट कार्ड में इस तरह की सुविधाएं मिल रही हों, ऐसे में आप इन कार्ड्स से मिलने वाले ऑफर और उन पर लगने वाली फीस का कंपेरिजन कर लें तो अपने लिए सही विकल्प चुन सकती हैं।

## क्रेडिट कार्ड है एक बड़ी जिम्मेदारी

क्रेडिट कार्ड आसानी से मिल जाता है। जरूरत पड़ने पर आप क्रेडिट कार्ड से पैसे भी उधार ले सकते हैं, लेकिन एक्सपेंडिचर लिमिट खत्म होने या फिर एक निश्चित अवधि के बाद आपको खर्च की गई रकम को वापस करना होता है। अगर इसमें देरी होती है या फिर आप उधार लिए पैसे देने में फेल होती हैं, तो इस पर इंट्रस्ट की दरें काफी ज्यादा होती हैं। इसीलिए क्रेडिट कार्ड से खर्च बहुत ज्यादा जरूरी चीजों पर ही करें और यह सुनिश्चित करें कि तय समय में कार्ड की ईएमआई चुका दी जाए।

## बिलिंग साइकिल से पहले चुकाएं बकाया राशि

अगर आप क्रेडिट कार्ड पर लगने वाले भारी-भरकम लेट चार्जेज से बची रहना चाहती हैं तो आपके लिए बेहतर यही रहेगा कि आप बिलिंग साइकिल की तारीख से पहले ही अपनी बकाया राशि चुका दें। मसलन अगर आपकी बिलिंग साइकिल महीने की 7 तारीख को होती है तो आप 6 तारीख तक अपनी खर्च की हुई रकम वापस कार्ड के खाते में जमा कर दें।

## बुद्धिमानी से इस्तेमाल करें इस्तेमाल

आप सोच रही होंगी कि क्रेडिट कार्ड को सिर्फ इमरजेंसी में ही इस्तेमाल किया जाए तो बेहतर रहेगा। लेकिन अगर आप कार्ड को नियमित रूप से नहीं इस्तेमाल करेंगी, तो उस पर भी चार्ज लग सकते हैं। ऐसे में आप उससे छोटे-छोटे खर्च करें, जिन्हें आसानी से चुकाया जा सके। इससे आपको अतिरिक्त चार्ज नहीं देने पड़ेंगे।

## एक क्रेडिट कार्ड रखने में है समझदारी

जब आप क्रेडिट कार्ड के लिए अप्लाई करेंगी तो आपके पास कई बैंकों से ऑफर आ सकते हैं। लेकिन इसका अर्थ ये नहीं कि आप वो सभी ऑफर स्वीकार कर लें। पहली बार कार्ड लेते हुए एक कार्ड को बुद्धिमानी से इस्तेमाल करने में समझदारी है। अपनी जरूरत के हिसाब से सही क्रेडिट कार्ड लें। ध्यान रखें कि जितने ज्यादा क्रेडिट कार्ड आपके पास होंगे, आप पर कर्ज उतना ही ज्यादा बढ़ता जाएगा।

## लो क्रेडिट लिमिट वाला कार्ड चुनें

क्रेडिट कार्ड से खर्च करते हुए नए-नए ऑफर्स का लाभ उठाने में काफी मजा आता है, लेकिन इसी मजे के चक्कर में कई बार खर्च आवश्यकता से ज्यादा हो जाता है। कई बार इस पैसे को बैंक को चुकाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में क्रेडिट लिमिट आपकी मदद कर सकती है। अगर आपकी क्रेडिट लिमिट कम है तो आप उस लिमिट से ज्यादा खर्च नहीं करेंगी और उस राशि को समय रहते चुकाने में भी कामयाब होंगी।






# इन 5 जगह पर क्रेडिट कार्ड से करें भुगतान, होगा फायदा

**आज के समय में सब कुछ डिजिटल हो गया है। अब ना आपको बैंक में जाने की जरूरत है ना ही हमेशा पर्स उठाकर चलने की। डिजिटल पेमेंट करने के कई फायदे भी होते हैं। कुछ जगह पर क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर आपको कैशबैक जैसे कई लाभ मिलते हैं। हम आज आपको ऐसी 5 जगहों के बारे में बताएंगे जहां क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर आपको फायदा मिलेगा।**

## ऑनलाइन शॉपिंग करते वक्त

ऑनलाइन शॉपिंग करते वक्त क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने से कई फायदे मिलते हैं। दरअसल आजकल हर प्लेटफार्म पर कार्ड से भुगतान करने पर कुछ प्रतिशत ऑफ मिलता है। वहीं अगर कैश भुगतान करें तो किसी तरह का ऑफ नहीं मिलता। इसके अलावा बहुत बार क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर कैशबैक भी मिलता है। ऐसे में अगर आप भी कुछ ऑनलाइन ऑर्डर कर रहे हैं तो क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करें ताकि आप कुछ परसेंट ऑफ और कैशबैक का फायदा उठा सकें।

## इलेक्ट्रॉनिक्स सामान खरीदने के लिए

इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदते वक्त क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर हमें एक्स्ट्रा प्वाइंट्स मिलते हैं जो क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने में बहुत मदद करते हैं। बहुत से शोरूम में कार्ड से भुगतान करने पर 5 से 10 प्रतिशत तक का ऑफ भी मिलता है जो आपके टोटल बिल में कटौती कर सकता है। इतना ही नहीं बहुत बार क्रेडिट कार्ड से ट्रांजैक्शन करने पर एक्सटेंडेड वारंटी भी मिलती है।

## ट्रैवल के भुगतान के लिए करें इस्तेमाल

टैक्सी से लेकर एयर टिकट की बुकिंग के लिए भी क्रेडिट कार्ड यूज करना फायदेमंद रहता है। अगर आपके कार्ड के टोटल प्वाइंट ज्यादा है तो आपकी टिकट की कीमत में भी कटौती हो सकती है। एयर टिकट ही नहीं टैक्सी आदि के भुगतान के वक्त भी क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर कुछ परसेंट ऑफ मिलता है। बहुत बार ओला और उबर जैसी कंपनी भी अपने यात्रियों को ऑनलाइन भुगतान करने पर 50 प्रतिशत तक का ऑफ देती है।

## मॉल से शॉपिंग करते वक्त

मॉल में अक्सर अलग-अलग क्रेडिट कार्ड के लिए कोई ना कोई ऑफर चल रहा होता है। कई बार ऐसे भी ऑफर होते हैं कि 5000 का सामान खरीदकर कार्ड से भुगतान करने पर 2000 रुपए की कटौती हो जाती है। ऐसे ऑफर का फायदा उठाने के लिए आप भी मॉल में भुगतान करते वक्त कार्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## होटल में करें भुगतान

मॉल की तरह होटल में भी कार्ड से भुगतान करने पर ऑफ मिलता है। बहुत बार क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर कैशबैक प्वाइंट भी मिलते हैं। आजकल ज्यादा कैश लेकर चलना सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर कुछ फायदे भी मिलते हैं। इन फायदों को उठाने के लिए आप भी क्रेडिट कार्ड से भुगतान कर सकते हैं।



# बारिश की वजह से दीवारों और सीढ़ियों पर जम गई है गहरी काई? झटपट हटाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

बारिश के मौसम में दीवारों और सीढ़ियों पर काई जम जाती है, जिसे जड़ से हटाना काफी मुश्किल होता है। ये दरअसल, घर की सुंदरता को खराब करता है और यह फिसलन की वजह से दुर्घटना का कारण भी बन सकती है। ऐसे में, नजरअंदाज करने के बजाय कुछ असरदार और आसान तरीकों से आप इसे झटपट हटा सकते हैं।

बारिश का मौसम दिखने में जितना सुहावना होता है, उतना ही अपने साथ कई परेशानियां भी लेकर आता है। इन्हीं में से एक बड़ी समस्या है- दीवारों, सीढ़ियों और छत की फर्श पर गहरी काई का जमना। यह फिसलन भरी काई बच्चे, बड़े और बूढ़े हर किसी के लिए मुसिबत होते हैं। यह न सिर्फ आपके घर की सुंदरता को प्रभावित करती है, बल्कि इस पर पैर पड़ने से गंभीर चोट लगने का खतरा भी बना रहता है। अगर आप भी बारिश की वजह से इस जिद्दी काई से परेशान हैं और इसे हटाने का कोई आसान व कारगर तरीका ढूंढ रही हैं, तो अब आपको और परेशान होने की जरूरत नहीं है। यहां हम आपको ऐसे तीन असरदार घरेलू उपाय बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप इस काई को मिनटों में साफ कर सकती हैं। ये तरीके सस्ते और बेहद प्रभावी भी हैं। इनके इस्तेमाल से आपकी दीवारों और फर्श को कोई नुकसान भी नहीं होगा। इस आर्टिकल में दिए गए 3 असरदार तरीकों को अपनाकर आप इसे आसानी से और झटपट हटा सकते हैं।

## सख्त ब्रश और खुरचने वाले औजार

एक सख्त ब्रश या खुरचने वाले औजार से रगड़कर काई को हटाने की कोशिश करें। अगर फिर भी ये नहीं हट रहे हैं, तो इन जगहों पर नमक और पानी का घोल डालें और इसे मोटे पेपर से रब करें। आप चाहें तो इसे अच्छी तरह से खुरचने के लिए बालू का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह रखेपन से जल्दी छूटेगा और आपकी बालकनी, सीढ़ियां और दीवारें भी काई से मुक्त हो जाएंगे। काई हटाने के बाद, भविष्य में इसे फिर से जमने से रोकने के लिए उस जगह को पूरी तरह सूखने दें। अगर संभव हो तो उस जगह पर पानी जमा न होने दें और सूरज की रोशनी पड़ने दें।

## ब्लीच और पानी का घोल

काई हटाने का यह सबसे प्रभावी और सस्ता तरीका है। ब्लीच में मौजूद रसायन काई और फफूंदी को जड़ से खत्म कर देते हैं। एक बाल्टी में 1 भाग ब्लीच और 3 भाग पानी मिलाएं। इस घोल को सीधे काई वाली जगह पर स्प्रे करें या ब्रश की मदद से लगाएं। इसे 10-15 मिनट तक लगा रहने दें। एक सख्त ब्रश से रगड़कर साफ करें और फिर पानी से धो लें। ब्लीच का इस्तेमाल करते समय दस्ताने जरूर पहनें।

## बेकिंग सोडा, सिरका और पानी का घोल

अगर आप ब्लीच का इस्तेमाल नहीं करना चाहते, तो सिरका एक प्राकृतिक और सुरक्षित विकल्प है। सिरके में मौजूद एसिड काई को ढीला कर देता है। एक स्प्रे बोतल में बराबर मात्रा में बेकिंग सोडा, सफेद सिरका और पानी मिलाएं। घोल को काई वाली सतह पर अच्छी तरह से स्प्रे करें। इसे 30 मिनट से 1 घंटे तक लगा रहने दें। फिर एक सख्त ब्रश से रगड़कर साफ करें और पानी से धो लें।




# ट्रम्प बोले- 24 घंटे में भारत पर ज्यादा टैरिफ लगाऊंगा

## भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं; रूस से तेल खरीदना युद्ध मशीन को ईंधन देने जैसा

एजेंसी

नई दिल्ली, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वे भारत पर 24 घंटे के भीतर और ज्यादा टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प ने मंगलवार को बिजनेस चैनल सीएनबीसी को दिए टेलीफोनिक इंटरव्यू में कहा कि भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं है। ट्रम्प के मुताबिक, भारत के टैरिफ दुनिया में सबसे ज्यादा हैं और यह बात लोग खुलकर नहीं कहते हैं। ट्रम्प का कहना है कि भारत अमेरिका से बहुत ज्यादा व्यापार करता है, लेकिन अमेरिका को भारत से उतना फायदा नहीं मिलता। इसीलिए उन्होंने भारत पर 25% टैरिफ लगाने का फैसला किया है, यह 7 अगस्त 2025 से लागू हो जाएगा, लेकिन वे इस टैरिफ को अगले 24 घंटों के भीतर और बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार संतुलन नहीं है और भारत, रूस के साथ व्यापार करके यूक्रेन के खिलाफ रूसी वॉर मशीन को ईंधन देने का काम कर रहा है। इस वजह से अमेरिका को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। इससे पहले ट्रम्प ने सोमवार को भी भारत पर और ज्यादा टैरिफ



लगाने की धमकी दी थी, जिसके बाद भारत ने पहली बार अमेरिका का नाम लेकर खुलकर जवाब दिया। डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लिखा था कि भारत को परवाह नहीं है कि रूस के हमले में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इसलिए मैं भारत पर टैरिफ को बढ़ाने जा रहा हूं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत को निशाना बनाना गलत है। हम अपने राष्ट्रीय हितों के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे। इसके अलावा विदेश मंत्री जयशंकर ने भी एक कार्यक्रम में कहा कि दुनिया की व्यवस्था में अब किसी एक का दबदबा नहीं चलेगा। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे खुले बाजार में मुनाफे के साथ बेच रहा है। भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि रूस के हमले से यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इस वजह मैं भारत पर लगने वाले टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को कहा था कि ऐसी खबरें हैं कि भारत ज्यादा दिन तक रूस से तेल नहीं खरीदेगा। ट्रम्प ने पिछले हफ्ते भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया था, जो 7 अगस्त से लागू होगा। अपने ही टैरिफ वॉर में उलझे ट्रम्प भारत और रूस पर तो हमलावर हैं, पर चीन पर चुप्पी साधे हुए हैं। जबकि आंकड़े बताते हैं कि रूस से क्रूड ऑयल का सबसे बड़ा खरीदार चीन ही है। दिसंबर 2022 से जून 2025 तक रूस के कुल क्रूड निर्यात का 47% हिस्सा चीन को गया। वहीं, भारत ने 38%, यूरोपीय यूनियन और तुर्किये ने 6%-6% क्रूड ऑयल रूस से आयात किया। टैरिफ की धमकी देने वाले अमेरिका ने रूस से 2024 में 3 अरब डॉलर का सामान आयात किया था। जबकि इस साल के शुरूआती पांच महीनों में ही अमेरिका रूस से 2.09 अरब डॉलर का आयात कर चुका है। यह पिछले साल इसी अवधि से 24% ज्यादा है। इस साल यह आंकड़ा 4 अरब डॉलर पहुंच सकता है। ईयू ने 2024 में रूस से करीब 72.9 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार किया। वहीं, 2023 में सेवाओं का व्यापार 18.6 अरब डॉलर रहा। यह भारत के उस वर्ष या उसके बाद रूस से कुल व्यापार से कहीं अधिक है। ईयू ने 2024 में रूस से 1.65 करोड़ टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस आयात किया, जो 2022 के 1.521 करोड़ टन के रिकॉर्ड को पार कर गई। रूस से यूरोप उर्वरक, खनन उत्पाद, रसायन, लोहा और इस्पात और मशीनरी का भी व्यापार करता है। रूस ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह दुनिया में अपना दबदबा बनाए रखने के लिए विकासशील देशों के खिलाफ नव-उपनिवेशवादी नीति अपना रहा है।

# ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो को नजरबंद करने का आदेश

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला; चुनाव में हार के बाद तख्तापलट की साजिश करने का आरोप

एजेंसी

ब्रासीलिया, ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने देश के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को नजरबंद करने का आदेश दिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने 2022 के राष्ट्रपति चुनाव में हार के बावजूद सत्ता में बने रहने के लिए तख्तापलट की साजिश रची। कोर्ट ने कहा कि बोल्सोनारो ने पहले से लगाए गए एहतियाती प्रतिबंधों का उल्लंघन किया है। इस मामले की निगरानी कर रहे न्यायमूर्ति अलेक्जेंड्रे डि मोरायस ने कहा कि बोल्सोनारो ने अपने तीन सांसद बेटों के जरिए सार्वजनिक संदेश



भेजे, जो कि प्रतिबंधों का उल्लंघन है। बोल्सोनारो ने रविवार को रियो डी जेनेरियो में उनके समर्थकों की एक रैली को अपने बेटे के फोन से संबोधित किया था। कोर्ट ने इसे नियमों की सीधी अवहेलना बताया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें घर में नजरबंद रखने, इलेक्ट्रॉनिक एंकल मॉनिटर पहनने और उनके घर से सभी मोबाइल जब्त करने का आदेश दिया। ब्राजील के सरकारी वकीलों का आरोप है कि बोल्सोनारो ने चुनाव हारने के बाद सत्ता को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही उन्हें रात के समय बाहर निकलने पर रोक लगा दी थी और एंकल मॉनिटर पहनने का आदेश दिया था। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बोल्सोनारो पर कोर्ट के फैसले को बदले की कार्रवाई बताया है। उन्होंने इसे राजनीतिक प्रतिशोध कहा है। इसके पहले अमेरिका ने ब्राजील से आयात होने वाले सामानों पर 50% टैरिफ लगाया था। ट्रम्प के इस कदम के बाद ब्राजील में इससे राष्ट्रवादी माहौल गरमा गया है। सभी राजनीतिक दलों ने इसका तीखा विरोध किया है। दूसरी तरफ बोल्सोनारो के बेटे फ्लावियो ने कोर्ट पर तानाशाही का आरोप लगाया और कहा कि ब्राजील अब आधिकारिक रूप से एक तानाशाही है। उन्होंने इंस्टाग्राम से बोल्सोनारो का संदेश वीडियो भी डिलीट कर दिया।

# अमेरिका के लिए चीन को दगा देगा पाकिस्तान

## ट्रंप से हाईटेक हथियारों की आस में आर्मी चीफ मुनीर

पाकिस्तान एक दशक से 80% सैन्य साजो-सामान चीन से लेता रहा है। अब पाकिस्तानी आममीं चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर अमेरिका से हथियार खरीदने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। जून में व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ मुलाकात के बाद दोनों देशों के संबंधों में बड़ा बदलाव आया है। हाल ही में मुनीर को अमेरिकी सराहना उस समय मिली, जब उनकी अगुवाई में इस्लामिक स्टेट की स्थानीय शाखा के नेताओं को मार गिराया गया।

एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अमेरिका की दोहरी चाल बार बार उजागर हो रही है। व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के बीच हुई बैठक ने उसकी दोहरी नीति की पोल खोल कर रख दी। जिसके बाद भारत पर 25 प्रतिशत की टैरिफ ठोकने की धमकी देते हुए पाकिस्तान से ऑयल डील साइन करने की बात करते हुए ट्रंप ने इसे और पुख्ता किया। पाकिस्तान ऐतिहासिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका का साझेदार रहा है और उसने शीत युद्ध और अफगानिस्तान में युद्धों में पश्चिम का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पाकिस्तान एक दशक से 80% सैन्य साजो-सामान चीन से लेता रहा है। अब पाकिस्तानी आममीं चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर अमेरिका से हथियार खरीदने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। जून में व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति



डोनाल्ड ट्रम्प के साथ मुलाकात के बाद दोनों देशों के संबंधों में बड़ा बदलाव आया है। हाल ही में मुनीर को अमेरिकी सराहना उस समय मिली, जब उनकी अगुवाई में इस्लामिक स्टेट की स्थानीय शाखा के नेताओं को मार गिराया गया। बदले में अमेरिका ने पाक की लंबी दूरी की मिसाइलों पर अपनी आलोचना को भी कम किया है। अमेरिका अब पाक को बख्तरबंद वाहन और नाइट-विजन उपकरण बेचने पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सहयोगियों ने पाक के क्रिप्टो और माइनिंग सेक्टर में रुचि दिखाई है। 'हाइब्रिड व्यवस्था' मुनीर के लिए फायदेमंद: एक्सपर्ट अटकलें हैं कि मुनीर राष्ट्रपति बन सकते हैं, लेकिन, जानकारों का मानना है कि मौजूदा 'हाइब्रिड व्यवस्था' मुनीर के लिए फायदेमंद है, जिसमें वे बिना राष्ट्रपति बने भी लंबे समय तक सेना प्रमुख बने रह सकते हैं, क्योंकि पद की कोई समयसीमा नहीं है। पाकिस्तान और अमेरिका के बीच एक नया व्यापार समझौता हुआ है, जिसे पाकिस्तान ने ऐतिहासिक करार दिया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का आभार जताते हुए कहा कि यह डील दोनों देशों की साझेदारी को नए मुकाम तक ले जाएगी। वहीं, ट्रंप ने इसे पाकिस्तान के विशाल तेल भंडार को मिलकर विकसित करने की दिशा में एक बड़ी शुरूआत बताया है। ऊर्जा संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को घरेलू स्तर पर तेल उत्पादन से राहत मिल सकती है।

अमेरिकी निवेश से अर्थव्यवस्था को सहारा मिलेगा और विदेशी मुद्रा भंडार में सुधार की उम्मीद है। समझौते में आईटी, क्रिप्टो, खनिज और व्यापार से जुड़े दूसरे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की भी बात है।

# जयपुर एयरपोर्ट पर अचानक उतरा यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की पत्नी ओलेना का विमान

## सुरक्षा के साए में हुआ 23 वीवीआईपी मेहमानों का स्वागत

23 सदस्यीय यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल में संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के स्थायी प्रतिनिधि सर्गेई किस्लित्स्या और आर्थिक मामलों के मंत्री ओलेक्सी सोबोलेव जैसे कई शीर्ष अधिकारी शामिल थे। इस संक्षिप्त ठहराव के दौरान, प्रतिनिधिमंडल विमान से उतरा और वीआईपी लाउंज में प्रतीक्षा की, जहाँ उन्हें हल्का नाश्ता परोसा गया। उन्होंने दिल्ली स्थित यूक्रेनी दूतावास के अधिकारियों से भी मुलाकात की, जो उनका स्वागत करने जयपुर पहुँचे थे।

एजेंसी

यूक्रेन की प्रथम महिला ओलेना वोलोदिमिरिवना जेलेंस्का और उप विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा को लेकर एक विशेष विमान जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ईंधन भरने के लिए थोड़ी देर के लिए रुका। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा पूर्व-अनुमोदित इस ठहराव के बाद विमान सुबह लगभग 6:30 बजे जयपुर पहुँचा। 23 सदस्यीय यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल में संयुक्त राष्ट्र में यूक्रेन के



स्थायी प्रतिनिधि सर्गेई किस्लित्स्या और आर्थिक मामलों के मंत्री ओलेक्सी सोबोलेव जैसे कई शीर्ष अधिकारी शामिल थे। इस संक्षिप्त ठहराव के दौरान, प्रतिनिधिमंडल विमान से उतरा और वीआईपी लाउंज में प्रतीक्षा की, जहाँ उन्हें हल्का नाश्ता परोसा गया। उन्होंने दिल्ली स्थित यूक्रेनी दूतावास के अधिकारियों से भी मुलाकात की, जो उनका स्वागत करने जयपुर पहुँचे थे। चूँकि यह एक तकनीकी पड़ाव था, इसलिए प्रतिनिधिमंडल को आव्रजन मंजूरी की आवश्यकता नहीं पड़ी। विमान ने लगभग 8:15 बजे जापान के लिए अपनी यात्रा फिर से शुरू की। रिपोर्टों के अनुसार, यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए जापान का दौरा कर रहा है और उम्मीद है कि वह टोक्यो से रूस पर प्रतिबंध कड़े करने और यूक्रेन के पुनर्निर्माण प्रयासों में और अधिक सहयोग देने का आग्रह करेगा। यूक्रेन की प्रथम महिला ओलेना जेलेंस्का का जन्म 6 फरवरी, 1978 को क्रिवी री में हुआ था।

# मनसे नेता ने सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ किया नासिक कोर्ट का रुख

## मराठी भाषा के अपमान का लगाया आरोप



एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ नासिक सत्र न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। दुबे ने हाल ही में मराठी भाषा और समुदाय का कथित रूप से अपमान किया था। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की नासिक इकाई के अध्यक्ष सुदाम कोंबाडे ने यह याचिका दायर की है। इसमें दुबे से महाराष्ट्र की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की गई है। कोंबाडे ने यह कदम दुबे द्वारा अपनी टिप्पणी के लिए माफी न मांगने के बाद उठाया है, जिसके बाद पूरे महाराष्ट्र में भारी विरोध हुआ था। याचिका में, कोंबाडे ने दुबे पर मराठी भाषी लोगों की भावनाओं को ठेस पहुँचाने का आरोप लगाया और सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करने की माँग की। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर दुबे नासिक आए तो उन्हें सबक सिखाया जाएगा। यह विवाद उस वीडियो के सामने आने के बाद शुरू हुआ जिसमें दुबे ने कथित तौर पर स्थानीय और प्रवासी आबादी के बीच बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के संदर्भ में कहा था आइए उत्तर प्रदेश, बिहार मेंहम पटक पटक के मारते हैं। हालाँकि दुबे ने क्लिप में सीधे तौर पर मराठी समुदाय का नाम नहीं लिया, लेकिन इस टिप्पणी

दुबे से महाराष्ट्र की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की गई है। कोंबाडे ने यह कदम दुबे द्वारा अपनी टिप्पणी के लिए माफी न मांगने के बाद उठाया है, जिसके बाद पूरे महाराष्ट्र में भारी विरोध हुआ था। याचिका में, कोंबाडे ने दुबे पर मराठी भाषी लोगों की भावनाओं को ठेस पहुँचाने का आरोप लगाया और सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करने की माँग की। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर दुबे नासिक आए तो उन्हें सबक सिखाया जाएगा।

को महाराष्ट्र में क्षेत्रीय दावों, खासकर आगामी नगर निगम चुनावों से पहले तनाव के बीच, के प्रति एक भड़काऊ प्रतिक्रिया के रूप में देखा गया। झारखंड के गोड्डा निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद दुबे ने अभी तक माफी मांगने की मांग का जवाब नहीं दिया है। यह कानूनी घटनाक्रम शहरी महाराष्ट्र, खासकर मुंबई, ठाणे और नासिक जैसे शहरों में मराठी भाषी लोगों के अधिकारों और प्रतिनिधित्व को लेकर नए सिरे से छिड़ी बहस के बीच आया है, जहाँ उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे उत्तरी राज्यों से बड़ी संख्या में प्रवासी आबादी रहती है। नगर निकाय चुनाव नजदीक आने के साथ, मनसे जैसे राजनीतिक दल मराठी गौरव के मुद्दे को फिर से हवा दे रहे हैं और राष्ट्रीय दलों पर स्थानीय आबादी की भाषाई और सांस्कृतिक पहचान की उपेक्षा करने का आरोप लगा रहे हैं। सुदाम कोम्बाडे का कानूनी कदम राजनीतिक तनाव को और बढ़ा सकता है

# पुलिस नहीं रोक सकती पीडीए पाठशाला

## अखिलेश बोले- सीएम खुद आकर हालात देखें

मीडिया से बात करते हुए, यादव ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी तब तक छात्रों को पढ़ाना जारी रखेगी जब तक राज्य सरकार द्वारा बंद या विलय किए गए स्कूलों में नए शिक्षकों की भर्ती नहीं हो जाती।

एजेंसी

'पीडीए पाठशाला' को लेकर उठे विवाद के बीच, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि पुलिस पाठशाला को नहीं रोक सकती और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसमें शामिल होकर हालात देखने चाहिए। मीडिया से बात करते हुए, यादव ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी तब तक छात्रों को पढ़ाना जारी रखेगी जब तक राज्य सरकार द्वारा बंद या विलय किए गए स्कूलों में नए शिक्षकों की भर्ती नहीं हो जाती। सपा प्रमुख ने कहा कि पीडीए पाठशाला को पुलिस नहीं रोक सकती।



मुख्यमंत्री को स्वयं पाठशाला में शामिल होकर हालात देखने चाहिए। सरकार ने खुद स्वीकार किया है कि उसने कई स्कूल बंद कर दिए हैं और कुछ का विलय भी किया है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता तब तक छात्रों को पढ़ाते रहेंगे जब तक उन स्कूलों में नए शिक्षकों की भर्ती नहीं हो जाती। इससे पहले, उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा की 'पीडीए पाठशाला' में पढ़ाए जा रहे पाठों को लेकर उस पर कड़ा प्रहार किया और उस पर भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि यह पार्टी की बुनियाद है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी बच्चों के भविष्य के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रही है। चौधरी ने एएनआई से कहा, जब सपा सत्ता में थी, तब उन्होंने बच्चों के भविष्य के साथ छेड़छाड़ की और आज भी कर रहे हैं। अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए, सपा बच्चों को 'ए फॉर अखिलेश' और 'डी फॉर डिंपल' पढ़ाने की हद तक जा सकती है। उनका स्कूल केवल भाई-भतीजावाद के बारे में है। वे अपने परिवार से आगे नहीं बढ़ सकते। समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सांसद राम गोपाल यादव ने सोमवार सुबह अपनी पार्टी के नेता फरहाद आलम के खिलाफ 'पीडीए पाठशाला' में अंग्रेजी वर्णमाला के कथित राजनीतिकरण के लिए दर्ज की गई एफआईआर की निंदा की और कहा कि यह सत्ता में बैठे अज्ञानी लोगों और क्षुद्र मानसिकता वाले लोगों का नतीजा है। समाजवादी पार्टी की पीडीए पाठशाला में पढ़ाए गए पाठों का बचाव करते हुए यादव ने पूछा, अगर हम 'ए फॉर अखिलेश', 'बी फॉर बाबासाहेब' पढ़ाते हैं, तो इसमें गलत क्या है?


# भगवान कृष्ण पहले मीडिएटर थे...

## बांके बिहारी मंदिर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को लगाई फटकार

न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार की इस बात के लिए भी आलोचना की कि राज्य सरकार ने बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन को प्रभावित करने वाला आदेश न्यायालय द्वारा उसके वर्तमान प्रतिनिधियों को सुने बिना ही प्राप्त कर लिया। अदालत ने कहा कि हमें राज्य से ऐसा करने की उम्मीद नहीं है।

एजेंसी

बांके बिहारी मंदिर मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि भगवान कृष्ण भी मध्यस्थ थे। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी उस समय की जब वह उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के वृंदावन स्थित प्रतिष्ठित श्री बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन की देखरेख के लिए एक अंतरिम समिति के गठन पर विचार कर रही थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि जब आप मध्यस्थता की बात करते हैं, तो वह पहले उपलब्ध मध्यस्थ थे। इसलिए हम भी मध्यस्थता करने की कोशिश करते हैं। पीठ ने उत्तर प्रदेश के वकील को अंतरिम व्यवस्था के संबंध में निर्देश



प्राप्त करने के लिए समय देते हुए कहा कि यह असाधारण महत्व का क्षेत्र है। हम किसी को भी इससे बाहर नहीं रखना चाहते। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार की इस बात के लिए भी आलोचना की कि राज्य सरकार ने बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन को प्रभावित करने वाला आदेश न्यायालय द्वारा उसके वर्तमान प्रतिनिधियों को सुने बिना ही प्राप्त कर लिया। अदालत ने कहा कि हमें राज्य से ऐसा करने की उम्मीद नहीं है। आपने बिना कोई नोटिस दिए ही उनकी पीठ पीछे कार्रवाई की। शीर्ष अदालत मंदिर के पुजारियों द्वारा बांके बिहारी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी

# दोस्त-दोस्त न रहा, ट्रंप यार हमें तेरा ऐतबार न रहा...

## प्रधानमंत्री मोदी को लेकर जयराम रमेश ने कसा तंज

जयराम रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि 'दोस्त दोस्त न रहा, ट्रंप यार हमें तेरा ऐतबार न रहा'। उन्होंने 'हाउडी मोदी' और 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम आयोजित किए। उन्होंने कहा 'अबकी बार ट्रंप सरकार'। फोटो खिंचवाए गए। हमारे विदेश मंत्री राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पहली पंक्ति में बैठे थे।

एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच दोस्ती के दावों का मजाक उड़ाते हुए कहा कि उनका रिश्ता देश के लिए महंगा साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि ट्रंप और पीएम मोदी के पुराने दोस्त होने के दावों को मजबूत करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें फोटो खिंचवाना भी शामिल था। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद रमेश ने एएनआई को बताया कि एक लोकप्रिय गाना है 'दोस्त दोस्त न रहा'। पीएम को भी यह गाना पता होगा।



जयराम रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि 'दोस्त दोस्त न रहा, ट्रंप यार हमें तेरा ऐतबार न रहा'। उन्होंने 'हाउडी मोदी' और 'नमस्ते ट्रंप' कार्यक्रम आयोजित किए। उन्होंने कहा 'अबकी बार ट्रंप सरकार'। फोटो खिंचवाए गए। हमारे विदेश मंत्री राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पहली पंक्ति में बैठे थे। दावा किया गया कि पीएम और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच एक खास रिश्ता है, कि वे पुराने दोस्त हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी जा रही है और रूस से तेल न खरीदने के लिए कहा जा रहा है, रमेश ने तंज कसते हुए कहा कि यह दोनों नेताओं के बीच खास रिश्ते का नतीजा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से इन फैसलों पर जवाब देने को कहा। रमेश ने कहा कि इस सबका नतीजा क्या है? टैरिफ बढ़ाने की धमकियाँ दी जा रही हैं। हमें रूस से तेल न खरीदने की धमकी दी जा रही है। यह दोस्ती बहुत महंगी साबित हुई। प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए। सालों से वह दावा करते रहे हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप और उनके बीच खास रिश्ता है, वे गले मिलते हैं, तस्वीरें खिंचवाते हैं और बातचीत करते हैं। कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि ट्रंप 32 से ज्यादा बार दावा कर चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर उनकी वजह से रुका था। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध खराब हो गए हैं